अमृत वाणी

मुस्कान हर समस्या का आधा समाधान है।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# तरुणमित्र

श्रम ही आधार, खबरों से सरोकार

अयोध्या
वर्ष: 37 अंक 73
मंगलवार 23 जून, 2026

तापमान
अधिकतम 38°C | न्यूनतम 28°C

मूल्य 2 रुपए पृष्ठ- 06 अयोध्या, लखनऊ, जौनपुर, पटना (बिहार) एवं ठाणे (महाराष्ट्र), भोपाल (मध्य प्रदेश) से प्रकाशित www.tarunmitra.in

# कोचिंग में लगी आग, 15 की मौत

## इनमें ज्यादातर स्टूडेंट्स, बचने के लिए बाथरूम में छिपे, दम घुटा, एसी में शॉर्ट सर्किट की आशंका

**लखनऊ, 22 जून।** यूपी की राजधानी लखनऊ में सोमवार दोपहर 2:15 बजे एक इमारत में आग लग गई। हादसे में अब तक 15 लोगों की मौत हो चुकी है। इनमें 3 महिलाएं और 12 पुरुष हैं। ज्यादातर स्टूडेंट्स हैं।

जिस बिल्डिंग में आग लगी, वह अलीगंज इलाके में है। बेसमेंट, ग्राउंड और पहले फ्लोर पर पेट शॉप और क्लीनिक है। दूसरे फ्लोर पर लर्निंग स्पेस नाम की लाइब्रेरी (कोचिंग) और हेड हॉपर स्टूडियो है, जिसमें 3D आर्ट प्रोडक्शन और गेम एसेट आउटसोर्सिंग का काम होता है।

जानकारी के मुताबिक, आग फैलने के बाद दूसरे फ्लोर पर चल रही कोचिंग में छात्रों ने खुद को बाथरूम में बंद कर लिया था। जान बचाने के लिए जयंत नाम का एक बच्चा पहले फ्लोर से कूद गया, वहीं 5 लोग तारों के सहारे लटककर नीचे उतरे।




घटनास्थल पर मृतकों और घायलों के लिए एम्बुलेंस कम पड़ गई थीं। मौके पर मौजूद डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक इस मंजर को देखकर रो पड़े। उन्होंने कहा- मैंने अपनी आंखों के सामने लाशें निकलती देखी हैं। सीएम योगी घटनास्थल पहुंचे। इसके बाद ट्रॉमा सेंटर जाएंगे। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह भी दिल्ली से लखनऊ आ रहे हैं।

हादसे में सुखमणि (23) की मौत हो हुई है। उनके दोस्त यश ने बताया- सुखमणि 3D एनीमेशन के ऑफिस में चार साल से नौकरी कर रहे थे। ऑफिस में करीब 40 लोग काम करते हैं। ऑफिस का मुख्य गेट थंब इंप्रेशन से खुलता था। आग फैलने के बाद गेट ऑटोमैटिक लॉक था। उसे खोलने में देरी हुई। जिसकी वजह से हादसा और ज्यादा गंभीर हो गया।

बताया जा रहा है इमारत वीरेंद्र शुक्ला की जमीन पर है। वे सीतापुर रोड पर गोविंदपुरम में स्थित रामेश्वरम इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट (RITM) कॉलेज के मालिक हैं। इमारत का नक्शा धीरेंद्र शुक्ला और सुरेंद्र शुक्ला के नाम से पास हुआ था। मामले में प्रशासन की ओर से जांच की जा रही है। शुरुआती जांच के मुताबिक, इमारत में इमरजेंसी एग्जिट नहीं था। इसलिए लोगों को बाहर निकलने का मौका तक नहीं मिला। घटनास्थल पर फ्लड लाइट मंगाई गई है। आपरेशन देर रात तक चलने की उम्मीद है।

लखनऊ में आग लगी जिस बिल्डिंग को लेकर जानकारी सामने आई है कि यह वीरेंद्र शुक्ला की जमीन पर बनी है। बताया जा रहा है कि वे रामेश्वरम इंजीनियरिंग कॉलेज से जुड़े हैं, जिसे रामेश्वरम इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट (RITM) के नाम से भी जाना जाता है। यह लखनऊ का एक प्रमुख निजी संस्थान है, जिसकी स्थापना 2008 में हुई थी। यह डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम तकनीकी विश्वविद्यालय (AKTU) से संबद्ध तथा AICTE से मान्यता प्राप्त है।

हादसे के बाद शव की तस्वीर सामने आने पर परिजनों में कोहराम मच गया है। रेस्क्यू और पहचान की प्रक्रिया लगातार जारी है।

हादसे में मरने वाले सुखमणि के दोस्त यश ने बताया- 3D एनिमेशन का ऑफिस था, जिसमें लगभग 40 लोग काम करते थे। ऑफिस का मुख्य गेट थंब इंप्रेशन से खुलता था। घटना के बाद उसमें जल्दी थंब नहीं लग पा रहा था, इसलिए हादसा इतना ज्यादा बड़ा हो गया।

# उद्धव के 6 सांसद शिंदे की शिवसेना में शामिल

## 4 साल में दूसरी टूट, शिंदे बोले- छक्का लगाया, आदित्य ने पाला बदलने वालों को बिकाऊ कहा

**मुंबई, 22 जून।** महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे गुट की शिवसेना के 9 में से 6 सांसद सोमवार को एकनाथ शिंदे की शिवसेना में शामिल हुए। बागी सांसदों ने उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के साथ उनके नंदनवन बंगले पर बैठक की। इसके बाद बागी सांसदों ने शिंदे के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस करके पार्टी बदलने का ऐलान किया।

इस दौरान शिंदे ने कहा- जब 2022 में हमने पार्टी और धनुष-बाण बचाने के लिए विद्रोह किया था, तब 40 विधायक थे और अब छक्के लग चुके हैं। हमारी लड़ाई बालासाहेब के विचारों को बचाने के लिए है, इसीलिए आज ये 6 सांसद बालासाहेब की असली शिवसेना में शामिल हुए।



उद्धव के बेटे आदित्य ठाकरे ने X पर लिखा- पार्टी छोड़ने वाले सांसदों ने साबित कर दिया है कि उनकी वफादारी बिकाऊ है। कम से कम यह मान लीजिए कि लालच की वजह से आपने रातोंरात बिना किसी शर्म के यह सब छोड़ दिया।

6 सांसदों के शामिल होने के बाद लोकसभा में शिंदे गुट के सांसदों की संख्या 7 से बढ़कर 13 हो गई है। वहीं उद्धव गुट में 9 में से सिर्फ 3 सांसद बचे हैं। 2022 के बाद शिवसेना में दूसरी बार टूट हुई।

इससे पहले उद्धव ठाकरे ने मुंबई में अपने विधायकों और विधान परिषद सदस्यों (MLC) के साथ बैठक की, जिसमें मौजूदा राजनीतिक घटनाक्रम पर चर्चा हुई। हालांकि, बैठक में उद्धव गुट के 4 विधायक निजी कारणों से नहीं पहुंचे। पार्टी ने 2024 के विधानसभा चुनाव में 288 में 20 सीटें जीती थीं।

उद्धव ने विधायकों और विधान परिषद सदस्यों के साथ बैठक के बाद मीडिया से कहा- उन्हें (बागी सांसदों को) अपना पक्ष रखने दीजिए। सही समय आने पर हम अपना पक्ष रखेंगे। वहीं पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय राउत ने कहा- शिंदे ने 6 गद्दार पैदा किए हैं। हालात संभालने के लिए अब सर्जरी करनी पड़ेगी।

इससे पहले संजय राउत ने X पर बताया था कि उद्धव 27 जून से महाराष्ट्र में जनसंपर्क अभियान शुरू करने जा रहे हैं। इस दौरान वे बागी सांसदों के लोकसभा क्षेत्रों में भी जाएंगे। जारी शेड्यूल के अनुसार, उद्धव 27 जून को यवतमाल, वाशिम और हिंगोली जाएंगे। 28 जून को परभणी और धाराशिव का दौरा करेंगे। 29 जून को शिर्डी पहुंचेंगे।

बागी सांसद संजय देशमुख, नागेश पाटिल अष्टीकर, संजय जाधव, भाऊसाहेब वाकचौरे, संजय दीना पाटिल और ओमप्रकाश राजे निंबालकर 18 जून को शिवसेना (UBT) की संसदीय दल की बैठक में शामिल नहीं हुए थे।

बैठक में सिर्फ 3 सांसद- अनिल देसाई, अरविंद सावंत और राजाभाऊ वाजे पहुंचे। पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय राउत ने कहा था कि हमारे सांसदों को किडनैप किया गया है। जो बैठक में नहीं आएगा वो गद्दार है।

# बंगाल में बीजेपी के पहले बजट में 1 लाख नौकरियां

## 33 प्रतिशत महिला आरक्षण, बेरोजगारों को 3000 मासिक भत्ता मदरसों का फंड आधा, कई बड़ी घोषणाएं

**कोलकाता, 22 जून।** पश्चिम बंगाल की बीजेपी सरकार ने सोमवार को अपना पहला बजट पेश किया। वित्त मंत्री स्वप्न दासगुप्ता ने 1 लाख सरकारी पदों पर भर्ती का ऐलान किया। इनमें 20 हजार पुलिस और 50 हजार शिक्षक और गैर-शिक्षकीय पद शामिल हैं।

इनमें 33% नौकरियां महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी। अग्निवीरों को 10% आरक्षण मिलेगा। सरकार ने कहा कि 1 अक्टूबर से सरकारी कर्मचारियों का DA 18% से बढ़ाकर 38% किया जाएगा। महिलाओं के अन्नपूर्णा योजना पर 36 हजार करोड़ खर्च किए जाएंगे।

सरकार ने अल्पसंख्यक कल्याण और मदरसा विभाग के लिए फंड 5,713 करोड़ से घटाकर 2,165.42 करोड़ कर दिया है। सरकार ने कहा कि उसे पिछली TMC सरकार से 8.15 लाख करोड़ का कर्ज मिला है। इसके बावजूद प्रशासनिक सुधार और भ्रष्टाचार मुक्त व्यवस्था बनाने पर जोर दिया जाएगा।

पश्चिम बंगाल सरकार ने राज्य के अल्पसंख्यक मामलों और मदरसा शिक्षा विभाग के तहत आने वाले सभी मदरसों में वंदे मातरम गाना अनिवार्य कर दिया है। 19 मई को जारी आदेश के मुताबिक, यह नियम सरकारी मॉडल मदरसों, सरकारी सहायता प्राप्त और बिना सहायता प्राप्त मदरसों पर तुरंत लागू होगा।

इससे पहले मदरसों में सुबह की प्रार्थना के दौरान राष्ट्रगान जन गण मन और कवि गुलाम मुस्तफा की अनंत असीम प्रेममय तुमी(बांग्ला गीत) गाया जाता था। अब सभी मदरसों को इस आदेश को लागू करने के बाद इसकी रिपोर्ट भी विभाग को सौंपनी होगी।



बंगाल विधानसभा चुनावों के नतीजे 4 मई को आए थे। भाजपा ने 294 में से 207 सीटें जीत कर पहली बार राज्य में सरकार बना ली थी। 9 जनवरी को शुभेंदु अधिकारी ने सीएम पद की शपथ ली। इसके बाद बंगाल सरकार ने क्षस्त्र को फेंसिंग के लिए जमीन, जनगणना और धर्म धारित कल्याणकारी योजनाओं से जुड़े कई फैसले लिए थे।

सीमा सुरक्षा बल (BSF) को 600 एकड़ जमीन 45 दिनों के भीतर दी जाएगी, जिससे सीमा से जुड़ा पुराना विवाद खत्म होगा।

CAA लागू करने की प्रक्रिया शुरू की। इसके तहत भारत आने वाले 7 समुदायों और 31 दिसंबर 2024 तक भारत आए लोगों को नागरिकता कानून का लाभ मिलेगा।

आयुष्मान भारत योजना लागू, जिसके तहत गरीब परिवारों को 5 लाख रुपए तक का मुफ्त इलाज मिलेगा।

लंबे समय से रुकी जनगणना शुरू करने का फैसला। केंद्रीय गृह मंत्रालय के जून 2025 के इस आदेश पर पिछली सरकार ने कोई कदम नहीं उठाया था।

सरकारी नौकरियों और शिक्षक भर्ती की तैयारी कर रहे युवाओं को उम्र सीमा में 5 साल की छूट।

IAS, IPS और WBPS अफसरों को केंद्र सरकार के ट्रेनिंग प्रोग्राम में हिस्सा लेने की इजाजत दी गई। भारतीय न्याय संहिता समेत नए आपराधिक कानून लागू होंगे। ये कानून पुराने आईपीसी और सीआरपीसी की जगह लेंगे, जिन्हें पिछली सरकार ने लागू नहीं किया था।साल 2021 की चुनावी हिंसा में मारे गए 321 बीजेपी कार्यकर्ताओं के परिवारों को सरकारी नौकरी या आर्थिक मदद दी जाएगी।

मदरसा विभाग और अन्य धर्मों से जुड़ी वित्तीय सहायता वाली योजनाओं को जून महीने से बंद करने का फैसला लिया गया।

बिना फिटनेस सर्टिफिकेट मवेशियों की हत्या पर रोक का नोटिस जारी।

### बंगाल बजट : किसके लिए क्या घोषणा?

**इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए**

- रिंगरोड-न्यू टाउन एलिवेटेड कॉरिडोर के लिए 900 करोड़।
- माथाभांगा नदी पर नए पुल के लिए 1,200 करोड़।
- दुर्गापुर, आसनसोल और सिलीगुड़ी में मेट्रो परियोजनाओं का प्रस्ताव।
- कल्याणी में ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट।
- मालदा और पुरुलिया में नए एयरपोर्ट।

**पत्रकारों और खिलाड़ियों के लिए**

- सेवानिवृत्त पत्रकारों को 5,000 मासिक पेंशन।
- राजनीतिक मामलों में जेल जा चुके लोगों को 10,000 मासिक पेंशन।
- स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी बनाई जाएगी।
- उत्तर बंगाल में अंतरराष्ट्रीय स्तर का स्टेडियम बनेगा।

**प्रशासनिक बदलाव**

- 5 नए जिले बनाए जाएंगे।
- 1 नया सब-डिवीजन बनेगा।
- 7 नई नगरपालिकाएं बनाई जाएंगी।
- 19 जून :बंगाल के सभी मदरसों में वंदे मातरम गाना अनिवार्य

# राम मंदिर का चढ़ावा गिनने वाले 40 कर्मचारी हटाए

## सीसीटीवी कैमरे बढ़ाए गए, धर्म सेना अध्यक्ष का मोदी को लेटर, ट्रस्ट भंग करने की मांग

**अयोध्या, 22 जून।** अयोध्या राम मंदिर में चढ़ावा गिनने वाले 40 कर्मचारियों को सोमवार को हटा दिया गया। सूत्रों के मुताबिक, उनकी जगह दूसरे कर्मचारियों को ड्यूटी में लगाया गया है। हटाए गए कर्मचारियों को दूसरी जगह ड्यूटी पर लगाया गया है। इसके अलावा, गणनास्थल पर 3 CCTV बढ़ाए गए हैं। अब CCTV की संख्या 4 हो गई है।



इधर, धर्म सेना के अध्यक्ष संतोष दुबे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेटर लिखा है। उन्होंने राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को भंग करने की मांग की है। चढ़ावा चोरी की जांच कर रही स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (SIT) आज सीएम योगी आदित्यनाथ को शुरुआती रिपोर्ट सौंप सकती है। टीम रविवार शाम को योगी से मिलने पहुंची थी, लेकिन उनके मानसून सेशन की मीटिंग में व्यस्त होने की वजह से मुलाकात नहीं सकी थी। SIT ने जिन लोगों से पूछताछ की, उन्हें अगले आदेश तक अयोध्या से बाहर न जाने की चेतावनी दी गई है।

इनमें ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय, ट्रस्टी अनिल मिश्रा और मंदिर निर्माण प्रभारी गोपाल राव भी शामिल हैं। हालांकि, सूत्रों से पता चला है कि गोपाल राव अयोध्या छोड़कर कर्नाटक चले गए हैं। अभी यह साफ नहीं है कि उन्होंने SIT को अयोध्या छोड़ने के बारे में बताया या नहीं। भास्कर रिपोर्टर ने उनके नंबर पर फोन किया, लेकिन कॉल रिसीव नहीं हुई। मैसेज भेजकर भी प्रतिक्रिया लेने की कोशिश की गई, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला।

# सिंधु जल संधि पर पाकिस्तान की भारत को धमकी

**इस्लामाबाद, 22 जून।** पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने सिंधु जल संधि स्थगित रहने को लेकर भारत को धमकी दी है। पाकिस्तानी चैनल से बातचीत में आसिफ ने कहा कि अगर पाकिस्तान को लगा कि उसकी जल सुरक्षा खतरे में है, तो वह भारत के खिलाफ जंग छेड़ सकता है। उन्होंने आरोप लगाया कि भारत पाकिस्तान के हिस्से के पानी के प्रवाह में दखल दे रहा है और रणनीतिक हथियार के तौर पर इसका इस्तेमाल कर रहा है। हालांकि उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि पिछले एक साल में इस मामले में क्या नए घटनाक्रम हुए हैं, इसकी उन्हें पूरी जानकारी नहीं है। अप्रैल 2025 में पहलगाम आतंकी हमले में 26 लोगों की मौत के बाद भारत ने 1960 की सिंधु जल संधि को निलंबित कर दिया था। भारत का कहना है कि जब तक पाकिस्तान सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ ठोस कार्रवाई नहीं करता, तब तक संधि बहाल नहीं की जाएगी। रिपोर्ट्स के मुताबिक पाकिस्तान इस समय गंभीर जल संकट का सामना कर रहा है। खासकर सिंध और बलूचिस्तान में पानी की कमी लगातार बढ़ रही है। सिंध के सिंचाई विभाग के आंकड़ों के मुताबिक- पाकिस्तान की सिंचाई व्यवस्था के अहम हिस्से सुक्कुर बैराज को लेकर भी चिंता बढ़ रही है।

# गॉडजिला अल नीनो से भारत में सूखा का खतरा बढ़ा

### नासा ने जारी की तस्वीर, समुद्र में बढ़ रही गर्मी से मानसून कमजोर हुआ

**नई दिल्ली, 22 जून।** भारत समेत दक्षिण एशिया के कई देशों में सूखा और बाढ़ का खतरा मंडरा रहा है। इसकी वजह गॉडजिल अल नीनो की मजबूत होती स्थिति है। नासा की जेट प्रोपल्शन लेबोरेटरी (JPL) के मुताबिक पश्चिमी प्रशांत महासागर में 1997 के बाद ऐसी परिस्थितियां बन रही हैं। 29 साल पहले इतिहास का सबसे शक्तिशाली अल नीनो बना था, जिसे सुपर या गॉडजिला अल नीनो कहा गया। अब भी वैसी ही स्थिति बन रही है। वैज्ञानिकों का मानना है कि यह हाल के सालों का सबसे प्रभावशाली अल नीनो हो सकता है। नासा के सैटेलाइट ने समुद्र में जमा हो रही भारी मात्रा में गर्मी की फोटो और आंकड़े जारी किए हैं।

1997-98 के अल नीनो के कारण दुनिया के कई हिस्सों में भीषण बाढ़, सूखा, फसलों को भारी नुकसान और रिकॉर्ड स्तर की गर्मी दर्ज की गई थी। मौजूदा अल नीनो भी उसी दिशा में बढ़ सकता है।

नासा के सेंटिनल-6 माइकल फ्रीलिच सैटेलाइट से मिले आंकड़ों के मुताबिक भूमध्यरेखीय प्रशांत महासागर के बड़े हिस्से में समुद्र का जलस्तर सामान्य से ज्यादा है। वैज्ञानिकों के मुताबिक-यह संकेत देता है कि समुद्र की सतह के नीचे बड़ी मात्रा में गर्म पानी जमा हो रहा है। जब समुद्र का पानी गर्म होता है तो वह फैलने लगता है। इससे जलस्तर बढ़ जाता है। समुद्र की सतह के नीचे जमा गर्मी ही भविष्य में दुनिया के मौसम को प्रभावित करती है। गर्म पानी का भंडार बड़ा और गहरा हो जाए, तो इसका वैश्विक असर होता है। इससे कई देशों में मौसम का संतुलन बिगड़ सकता है। समुद्र के भीतर 'केल्विन वेव्स' नाम की विशाल जल-तरंगें गर्मी को एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुंचा रही हैं। जब प्रशांत महासागर की व्यापारिक हवाएं कमजोर पड़ती हैं, तब इंडोनेशिया और ऑस्ट्रेलिया के पास जमा गर्म पानी पूर्व की ओर दक्षिण अमेरिका के तटों की तरफ बढ़ने लगता है। इसके कारण समुद्र की गहराई से ऊपर आने वाला ठंडा पानी कम हो जाता है और समुद्र का तापमान तेजी से बढ़ने लगता है। यही स्थिति अल नीनो की पहचान मानी जाती है।

### 15 दिन बाद आगे बढ़ा मानसून, छत्तीसगढ़ पहुंचा

**भोपाल/जयपुर/लखनऊ/पटना, 22 जून।** 15 दिन से छत्तीसगढ़ बॉर्डर पर अटका मानसून सोमवार को आगे बढ़ा है। इसकी दंतेवाड़ा के रास्ते में राज्य में एंट्री हो गई है। बस्तर संभाग में तेज बारिश का अलर्ट जारी कर दिया गया है। बंगाल की खाड़ी में बने सिस्टम ने मानसून को आगे बढ़ाया। इसके साथ ही मानसून ने महाराष्ट्र के भी कई और इलाकों को कवर किया है। इसके 25 जून के बाद मध्य प्रदेश में एंट्री करने की संभावना हैं। तमिलनाडु के थूथूकोडी में रविवार को बवंडर आया। पहले इसे टॉरनेडो बताया गया था। लेकिन IMD ने सोमवार को पुष्टि करते हुए कहा कि थूथुकोडी की घटना लोकल कन्वेक्टिव वॉर्टेक्स यानी धूल का बवंडर थी। इधर, झारखंड में पिछले 24 घंटों के दौरान बिजली गिरने से 11 लोगों की मौत हो गई। इनमें तीन महिलाएं और 10 साल की एक बच्ची शामिल है। रविवार को मेघालय में भारी बारिश हुई।

घर के बाहर घर जैसा आराम
होटल वैशाली
मेन मार्केट चौक, प्रभात टाकीज गली, फैजाबाद
(बस स्टेशन-रेलवे स्टेशन से 2-50 कि.मी.)
एस. बी. आई. अपोलो म्यूनिक हेल्थ इंश्योरेंस के लिए संपर्क करें।
मो.- 9919404087


कंचन चौरसिया
महिला जिलाध्यक्ष उद्योग व्यापार मण्डल व चौरसिया समाज
रमेश कुमार चौरसिया
जिलाध्यक्ष चौरसिया समाज
महामंत्री उद्योग व्यापार मण्डल, फैजाबाद
नोट- पीलिया, बवासीर, गोखरू, कुत्ता काटने इत्यादि की दवा के लिए संपर्क करें।
काकू भाई मो. 9235152444

निदान चिकित्सा केन्द्र
कालेज रोड, खिड़की अलीबेग (फैजाबाद) अयोध्या, मो0- 8577956003
डा. गुंजन यादव
( M.B.B.S.,D.G.O. )
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
डा. रोहित यादव
( M.B.B.S., M.D. )
बालरोग विशेषज्ञ, पीजीआई चण्डीगढ़

डा. राधेश्याम यादव
( M.B.B.S., D.T.C.D. ), पूर्व रेजीडेन्ट आफिसर मेडिसिन एवं नेफ्रोलोजी बत्रा अस्पताल नई दिल्ली
पूर्व मुख्य चिकित्साधिकारी ( C.M.O ) अयोध्या, फैजाबाद
पूर्व जिला क्षय रोग अधिकारी ( D.T.O. ) अयोध्या, फैजाबाद
पूर्व संयुक्त निदेशक ( J.D. ) आजमगढ़ मण्डल, आजमगढ़ ( रजि. नं.- 29775 )
प्रबंधक:- हरगोविन्द यादव

# अवध में उर्दू पत्रकारिता का विकास पुस्तक का हुआ भव्य विमोचन



बहराइच। अवध में उर्दू पत्रकारिता का विकास नाम की किताब में न सिर्फ़ अवध में उर्दू पत्रकारिता बल्कि भारत के अलग-अलग प्रांतों में उर्दू पत्रकारिता को भी शामिल किया गया है और उर्दू का पहला रोज़ाना अख़बार, भारत का पहला अख़बार, हिंदी का पहला अख़बार और फ़ारसी का पहला अख़बार जैसे अलग-अलग टाइटल के तहत बहुत अच्छी जानकारी लिखी गई है। यह किताब डॉ. सुफ़ियान अहमद अंसारी का एक रिसर्च पेपर है, जिस पर उन्हें 2023 में लखनऊ यूनिवर्सिटी ने डॉक्टरेट की डिग्री दी है।

उक्त विचार मुख्य अतिथि मशहूर आलोचक और शायर खलील अहसन (लखनऊ) ने अल-हुदा इंग्लिश स्कूल के कैंपस में हुए भव्य विमोचन समारोह में पेश किये ह्य

उन्होंने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि डॉ. सुफ़ियान अहमद अंसारी कासमी, जो मेरे छोटे भाई हैं, ने अपने शोध पेपर में विषय के साथ न सिर्फ़ इंसाफ़ किया है, बल्कि किताब में ज्ञान के सागर के बड़े खजाने भी भर दिए हैं। आज इस विमोचन समारोह के मौके पर, मैं उनके रिसर्च काम के लिए उनको बधाई देता हूं, और अल्लाह से दुआ करता हूं कि उनकी साइंटिफिक, लिटरेरी और रिसर्च यात्रा भविष्य में भी जारी रहे।विमोचन समारोह की अध्यक्षता शहर के बुज़ुर्ग और सीनियर धार्मिक स्कॉलर, इमाम-ए-ईदगाह मौलाना वलीउल्लाह मज़ाहेरी ने की, जबकि सञ्चालन डॉ. सुफ़ियान अहमद अंसारी ने किया।समारोह की शुरुआत मौलाना कारी अब्दुल मतीन कासमी की तिलावत और मौलाना अब्दुल हसीब नदवी की नात से हुई।

विशिष्ट अतिथि गोरखपुर के मशहूर कहानीकार डॉ. ओबैदुल्लाह चौधरी ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि बहराइच से मेरा रिश्ता लगभग चालीस साल पुराना है। उस समय शहर में मेरे दोस्त डॉ. कमर रईस, डॉ. इबरत बहराइची, डॉ. सईद आरिफ़ी और सैयद खालिद महमूद थे, जो उर्दू की रोशनी जला रहे थे, लेकिन अब डॉ. सुफियान अहमद अंसारी यह ज़िम्मेदारी अच्छे से संभाल रहे हैं। आज बहराइच की जो भी साहित्यिक शान है, वह उन्हीं की वजह से है।मौलाना सिराज मदनी ने भी इस समारोह में अपने विचार व्यक्त किए। इसके अलावा मज़हर सईद अलीग बहराइची, मुजीब सिद्दीकी करनैलगंज और अज्म गोंडवी ने अपनी कविताओं के ज़रिए डॉ. सुफ़यान अहमद अंसारी की लिखी किताब और उनकी अकादमिक और साहित्यिक उपलब्धियों पर रोशनी डाली।पुस्तक विमोचन के अवसर पर अब्दुल्ला बहराइची,शादान रहमानी, अकमल नजीर, रईस सिद्दीकी, मंज़ूर बहराइची, आफाक अंजुम, अब्दुल हसीब नदवी, तारिक हाशिम और नवाज बहराइची ने भी पवित्र पैगंबर के दरबार में नात पेश की। विमोचन समारोह में डॉ. मेराजुद्दीन, मौलाना सुहैल, मौलाना मुहम्मद इरफान, मौलाना वसीउल्लाह, मौलाना अब्दुल्ला नदवी, मौलाना मुनीर अहमद, मौलाना महमूद, मौलाना अब्दुल हसीब कासमी, हाफिज अब्दुल बारी, हाफिज मोहिउद्दीन, हाफिज शौकत, हाफिज अलीम, डॉ. खालिद नईम, मुफ्ती जुबैर नदवी, मिर्जा तारिक बेग, मेराज अहमद, अतीकुर रहमान बागबान, अब्दुल हनान उर्फ गुड्डू, अब्दुल हई, जुनैद अहमद नूर, मुहम्मद ताहिर शफीक, मुहम्मद यासिर, सज्जन, मुहम्मद सईद, मुहम्मद अयूब आदि विशेष रूप से मौजूद रहे।

# बरदिया गांव में सम्पन्न हुआ 05 दिवसीय खाद्य प्रसंस्करण प्रशिक्षण कार्यक्रम



बहराइच। भारतीय वन्यजीव संस्थान (डब्लूडब्लूआई) द्वारा संचालित डब्ल्यूआईआई-एनएमसीजी जलज परियोजना के अंतर्गत उत्तर प्रदेश के बहराइच जनपद के बरदिया गांव में पांच दिवसीय खाद्य प्रसंस्करण प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य नदी तटीय समुदायों की महिलाओं को स्थानीय कृषि उत्पादों के मूल्य संवर्धन एवं प्रसंस्करण के माध्यम से आजीविका सशक्तिकरण हेतु प्रशिक्षित करना था।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य रूप से थारू जनजाति की 25 महिलाओं ने सक्रिय रूप से भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान महिलाओं को खाद्य प्रसंस्करण एवं उद्यमिता से संबंधित व्यावहारिक कौशल प्रदान किए गए, जिससे वे मूल्य संवर्धित उत्पादों के निर्माण एवं विपणन के माध्यम से अपनी आय में वृद्धि कर सकें। कार्यक्रम के अंतर्गत प्रतिभागियों को आम, कटहल, मिर्च, लहसुन एवं हल्दी के अचार बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। इसके अतिरिक्त आम पापड़, उड़द पापड़, टमाटर कैचप तथा पौष्टिक मोरिंगा लड्डू तैयार करने की विधियां भी सिखाई गईं, जिससे पारंपरिक खाद्य संरक्षण एवं स्वास्थ्यवर्धक खाद्य उत्पादों को बढ़ावा मिल सके।

प्रशिक्षण सत्रों का संचालन सुश्री निधि मिश्रा एवं सुश्री शिवानी पुंडीर द्वारा किया गया, जबकि तकनीकी मार्गदर्शन एवं प्रदर्शन आरसेटी की विशेषज्ञ प्रशिक्षक अनीता मिश्रा द्वारा प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों ने खाद्य प्रसंस्करण की विभिन्न प्रक्रियाओं जैसे सफाई, छीलना, काटना, मिश्रण, संरक्षण, पैकेजिंग एवं भंडारण तकनीकों का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त किया। कार्यक्रम का सफल समापन एक वैलिडिक्टरी सत्र के साथ हुआ, जिसमें डब्लूडब्लूएफ के वरिष्ठ परियोजना अधिकारी दबीर हसन की विशेष उपस्थिति एवं सहयोग रहा। समापन समारोह में उप प्रभागीय अधिकारी शिवकांत शर्मा एवं वन क्षेत्राधिकारी, कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग आशीष गौर एवं माहे अंजुम मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अपने संबोधन में मुख्य अतिथियों ने भारतीय वन्यजीव संस्थान एवं जलज परियोजना द्वारा ग्रामीण एवं जनजातीय महिलाओं के लिए आजीविका संवर्धन की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने खाद्य प्रसंस्करण को आय सृजन, फसलोपरांत हानि में कमी तथा महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने का प्रभावी माध्यम बताया तथा प्रतिभागियों को प्राप्त कौशल का उपयोग स्वरोजगार एवं लघु उद्यम स्थापित करने में करने के लिए प्रेरित किया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम जलज परियोजना के उन व्यापक उद्देश्यों को प्रतिबिंबित करता है, जिनके माध्यम से जैव विविधता संरक्षण को सामुदायिक विकास एवं सतत आजीविका से जोड़ा जा रहा है। महिलाओं को खाद्य प्रसंस्करण संबंधी व्यावहारिक कौशल प्रदान कर यह पहल स्थानीय अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने, आत्मनिर्भरता बढ़ाने तथा नदी तटीय समुदायों के समावेशी विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रही है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन जलज परियोजना के अंतर्गत सामुदायिक सशक्तिकरण एवं सतत आजीविका संवर्धन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर ऊर्जा व उत्साह के साथ पुलिस ने किया योग



बाराबंकी। पुलिस अधीक्षक बाराबंकी अर्पित विजयवर्गीय के निर्देशन में पुलिस लाइन्स ग्राउण्ड में 12वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पुलिस कर्मियों द्वारा ऊर्जा व उत्साह के साथ योग किया गया।

इस अवसर पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस कर्मियों को बेहतर स्वास्थ्य के प्रति जागरुक किया गया तथा बताया गया कि योग भारत की प्राचीन संस्कृति का अभिन्न हिस्सा है, योग न केवल व्यायाम है बल्कि ऐसी विधा है जो शरीर, मन एवं आत्मा को जोड़ने का कार्य करती है। इस वर्ष योग दिवस की थीम Yoga for Healthy Ageing" (स्वस्थ आयु के लिए योग) बढ़ती उम्र में शारीरिक शक्ति, मानसिक दृढ़ता, और आत्मनिर्भरता बनाए रखने में योग के महत्व को बताती है। इस अवसर पर पुलिस कर्मियों द्वारा उत्साहपूर्वक प्रतिभाग कर योग किया गया।

# मोहर्रम त्योहार के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक ने संवेदनशील इलाकों में भारी पुलिस बल के साथ किया रूट मार्च



बहराइच। मोहर्रम त्यौहार को सकुशल सम्पन्न कराने तथा कानून एवं शांति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु नगर क्षेत्र के संवेदनशील/मिश्रित आबादी एवं भीड़-भाड़ वाले इलाके में पुलिस अधीक्षक द्वारा भारी संख्या में पुलिस बल के साथ रूट मार्च किया गया।पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव द्वारा नगर श्रेत्र में आगामी मोहर्रम त्यौहार के दृष्टिगत जनपद में शांति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु प्रमुख बाजारों एवं मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में भ्रमण कर आमजन को सुरक्षा का एहसास कराया गया तथा संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की सघन चेकिंग कर आमजन को अफवाहों से दूर रहने एवं किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने हेतु जागरूक किया गया।शांति व्यवस्था भंग करने वाले तत्वों पर सतत निगरानी रखी जा रही है तथा कानून व्यवस्था प्रभावित करने वालों के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है।पुलिस अधीक्षक द्वारा नगर क्षेत्र के थाना प्रभारियों को ताजिया व मोहर्रम के जुलूसो के रास्ते में पड़ने वाले अवरोधों (विधुत खंभे व विधुत तार, नालियों की साफ ट्ठ सफाई,पानी ,गढ्ढा,) का भौतिक सत्यापन करते हुए अवरोधों का निस्तारण कराने हेतु निर्देशित किया गया।समस्त नागरिकों से मोहर्रम त्यौहार को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं आपसी भाईचारे के साथ मनाने को कहा गया। उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया पर सतर्क दृष्टि रखी जा रही है,भ्रामक खबर फैलाने वालों के विरुद्व वैधानिक कार्यवाही की जायेगी।फ्लैग मार्च के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक नगर आयुष विक्रम सिंह,क्षेत्राधिकारी नगर नारायण दत्त मिश्रा,थाना निरीक्षक थाना कोतवाली नगर व्रिजेन्द्र कुमार मिश्रा व महिला थानाध्यक्ष मय पुलिस बल व अन्य अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

# योगाभ्यास कार्यक्रम को लेकर कर्मचारियों को आदेश जारी करने वाली संस्थान की प्राचार्या ही नहीं पहुंची कार्यक्रम में



बहराइच। जहां भारत सहित पूरी दुनिया में विश्व योग दिवस मनाया गया जिसका श्रेय विशेष कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को जाता है जिन्होंने वर्ष 2015 में इसकी शुरुआत की और आज विश्व के लगभग 90 से अधिक देशों में योग के महत्व को लेकर सहभागिता देखी जा रही है। योगाभ्यास के आयोजित कार्यक्रमों को लेकर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री स्वयं बेहद संवेदनशील नजर आते हैं।लेकिन यहां पर जो मामला है वह योग दिवस पर बरती गई लापरवाही को लेकर बताया जा रहा है।मामला राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बहराइच की प्राचार्या से जुड़ा है।मालूम हो कि 21 जून अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर संस्थान की प्राचार्य द्वारा पूर्व निर्देश के अनुपालन में संस्थान के कर्मचारियों को एक आदेश जारी कर बारहवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर समस्त कर्मचारियों को आदेशित किया गया कि सभी लोग दिनांक 21 जून 2026 को प्रात: 6ः00 बजे से 8ः00 बजे तक संस्थान में आयोजित योगाभ्यास कार्यक्रम में उपस्थित होना सुनिश्चित करें।लेकिन बड़ी बात तो तब हो गई जब आदेश जारी करने वाली संस्थान की प्राचार्या ही कार्यक्रम से नदारत रहीं।जबकि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री से लेकर सभी जनपद के मंडल आयुक्त, जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक सहित सभी जिम्मेदार उक्त कार्यक्रम को लेकर संवेदनशील दिखे।वहीं उक्त संस्थान की प्राचार्या स्मृति शर्मा का कार्यक्रम में न पहुंचना किसी के गले से नहीं उतर रहा।उक्त के संदर्भ में जब संस्थान की प्राचार्या स्मृति शर्मा से हमारे जिलाप्रभारी द्वारा बात की गई और अयोजित योगा कार्यक्रम में उनके न शामिल होने की बात पूछी गई तो पत्रकार बताने पर भी उन्होंने कहा यह बात मैं आपको क्यूं बताऊं। जब उनसे पूछा गया कि आपने कार्यक्रम में न पहुंचने की सूचना क्या किसी उच्चाधिकारी को पहले से दे रखी थी? तो पुन: बात को दोहराते हुए कहा कि यह बात मैं आपको क्यूं बताऊं। और कहा मेरी तबीयत खराब थी।जब पत्रकार ने कहा कि मैं यही बात लिख देता हूं तो कहा ठीक है। लेकिन सूत्रों की माने तो पूर्व से ही संस्थान में उनकी उपस्थिति बहुत कम देखी जाती है।अब मामले में सच क्या है और झूठ क्या है यह जांच का विषय है।

# टीईटी अनिवार्यता समाप्त कराने हेतु समर्थन करने का किया जाएगा आग्रह

लखनऊ। टीईटी लागू होने से पहले से सेवारत शिक्षकों पर टीईटी अनिवार्यता समाप्त कराने हेतु देश के सभी राज्य सभा व लोकसभा सांसदों से 5 जुलाई 2026 तक सम्पर्क कर टीईटी लागू होने से पहले से सेवारत लाखों शिक्षकों पर टीईटी अनिवार्यता समाप्त कराने का आग्रह किया जाएगा। उक्त निर्णय सोमवार को अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ द्वारा आभासी पटल पर आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से लिया गया। बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रोफेसर नारायण लाल गुप्ता ने की एवं संचालन राष्ट्रीय महामंत्री प्रोफेसर गीता भट्ट जी द्वारा किया गया। बैठक में अखिल भारतीय संगठन मंत्री महेंद्र कपूर, वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महेंद्र कुमार, राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री मोहन राजपुरोहित सहित सभी राष्ट्रीय पदाधिकारी एवं सभी राज्यों के अध्यक्ष, महामंत्री एवं संगठन मंत्री उपस्थित रहे। प्रदेश महामंत्री जोगेंद्र पाल सिंह ने बताया कि लाखों शिक्षकों की सेवा सुरक्षा के लिए एबीआरएसएम के राष्ट्रव्यापी अभियान के तहत प्रथम चरण में 18 जून 2026 को उत्तर प्रदेश सहित देशभर के सभी जिला मुख्यालयों पर विशाल धरना-प्रदर्शन एवं जिला अधिकारियों के माध्यम से प्रधानमंत्री एवं केंद्रीय शिक्षा मंत्री को ज्ञापन दिए गए। इससे शिक्षक समाज की भावनाएं एवं अपेक्षाएं सरकार और समाज के समक्ष प्रभावी रूप से पहुंची है।

प्रदेश अध्यक्ष प्रोफेसर संजय मेधावी ने बताया कि एबीआरएसएम के देशव्यापी अभियान के तहत अब आंदोलन के द्वितीय चरण में सांसद संपर्क एवं सांसद समर्थन अभियान चलाया जाएगा जिसमें 5 जुलाई 2026 तक उत्तर प्रदेश के सभी 75 जिलों में संगठन की जिला इकाइयों द्वारा राज्य सभा व लोकसभा सांसदों से संपर्क कर उन्हें ज्ञापन सौंपकर टीईटी लागू होने से पहले से सेवारत लाखों शिक्षकों पर टीईटी अनिवार्यता समाप्त कराने हेतु उनका समर्थन प्राप्त किया जाएगा।
प्राथमिक संवर्ग के प्रदेश अध्यक्ष शिव शंकर सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश में टीईटी लागू होने की दिनांक 27 जुलाई 2011 से पहले से सेवारत 2 लाख से अधिक शिक्षकों की सेवा सुरक्षा एवम् आजीविका पर संकट खड़ा हो गया। शिक्षकों में असुरक्षा की भावना बढ़ी है। संगठन किसी भी शिक्षक के साथ अन्याय नहीं होने देगा। प्राथमिक संवर्ग के प्रदेश महामंत्री प्रदीप तिवारी ने कहा कि संगठन पूरी शक्ति और गंभीरता के साथ प्रत्येक लोकसभा एवं राज्यसभा सांसद से संपर्क कर उन्हें अवगत कराएगा कि टीईटी लागू होने से पहले से सेवारत लाखों शिक्षकों पर टीईटी अनिवार्यता थोपना शिक्षकों की सेवा सुरक्षा, मानवीय गरिमा, शिक्षक हित व नैसर्गिक न्याय के खिलाफ है।

प्रदेश कोषाध्यक्ष नीलमणि शुक्ला ने कहा कि लाखों शिक्षकों की सेवा सुरक्षा एवम् गौरव गरिमा से जुड़ी इस गंभीर समस्या समाधान हेतु सभी सांसदों का समर्थन जरूरी है ताकि संसद के मानसून सत्र में इस समस्या पर व्यापक चर्चा हो व इस समस्या के समाधान का विधायी मार्ग प्रशस्त हो सके।उपरोक्त जानकारी प्रदेश मीडिया प्रभारी बृजेश श्रीवास्तव ने दी।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर डॉ. अभिलाषा वर्मा ने स्वस्थ जीवन के लिए किया प्रेरित



बहराइच। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर स्पार्क ग्रुप ऑफ कॉलेज, अलादादपुर की डायरेक्टर एवं भाजपा महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष डॉ. अभिलाषा वर्मा ने अपने आवास पर योगाभ्यास कर योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो शरीर, मन और आत्मा को संतुलित रखने का सबसे प्रभावी माध्यम है। डॉ. अभिलाषा वर्मा ने कहा कि वर्तमान समय की भागदौड़ भरी जीवनशैली में योग को दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाना आवश्यक है। नियमित योग करने से शारीरिक स्वास्थ्य बेहतर रहता है, मानसिक तनाव कम होता है तथा व्यक्ति सकारात्मक ऊर्जा से भर जाता है। उन्होंने सभी लोगों से प्रतिदिन कम से कम कुछ समय योग के लिए निकालने की अपील की। उन्होंने कहा कि योग केवल एक दिन का कार्यक्रम नहीं, बल्कि स्वस्थ और निरोग जीवन जीने की जीवनशैली है। इस अवसर पर उन्होंने लोगों को योग अपनाने तथा अपने परिवार और समाज को भी इसके प्रति जागरूक करने का संदेश दिया।

# पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की समीक्षा बैठक सम्पन्न



बहराइच । पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना अन्तर्गत प्राप्त आवेदनों, स्वीकृत आवेदनों, स्थापित संयंत्रों, लंबित प्रकरणों तथा डीसीआर अपलोड की स्थिति की समीक्षा के लिए कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। डीएम ने योजना की प्रगति पर असंतोष व्यक्त करते हुए सभी संबंधित अधिकारियों को योजना के अंतर्गत अधिक से अधिक आवेदन प्राप्त कर वेंडर चयन की प्रक्रिया में प्रगति लाने के निर्देश दिये। डीएम ने वेंडर्स को निर्देश दिया कि कार्य में तेज़ी लाकर लक्ष्य के अनुरूप प्रगति सुनिश्चित करें।डीएम ने जिला पंचायत राज अधिकारी तथा नगर निकायों के अधिशासी अधिकारियों को निर्देश दिया कि ग्राम प्रधानों व सभासदों के साथ बैठक आयोजित कर उन्हें अपने अपने घरों तथा ग्रामवासियों व वार्डवासियों को सोलर पैनल स्थापना के लिए प्रेरित किया जाय।

डीएम ने यह भी निर्देश दिया कि जिले के ऐसे अधिकारी व कर्मचारी जिनके जनपद में खुद के निजी आवास हैं उन्हें भी सोलर पैनल स्थापना के लिए प्रोत्साहित किया जाय। डीएम ने योजना की समीक्षा के लिए पुन: 29 जून बैठक आहूत किये जाने का भी निर्देश दिया। विद्युत विभाग से सम्बन्धित वेंडर्स की समस्याओं के समाधान हेतु विद्युत विभाग प्रत्येक पखवाड़े में तथा बैंकों से सम्बन्धित समस्याओं के समाधान हेतु प्रत्येक शुक्रवार को पूर्ववत् बैठक आयोजित किये जाने के भी निर्देश दिये गये।

डीएम ने बैंकों को निर्देश दिया कि स्वीकृत पत्रावलियों की धनराशि 02 दिवस में अवमुक्त कर दी जाय। वेण्डर्स को निर्देश दिया गया कि सभी स्वीकृत लाभार्थियों की सूची को अतिशीघ्र पोर्टल पर अपलोड करते हुए संयंत्र स्थापना का कार्य पूर्ण किया जाय। डीएम ने परियोजना अधिकारी यूपीनेडा को निर्देश दिया कि योजना के अंतर्गत लाभान्वित उपभोवता की सफलता की कहानी तैयार कर प्रकाशित कराये जिससे आमजन भी प्रेरित हो सकें। विद्युत विभाग को निर्देश दिया गया कि स्थापित संयंत्रों का निरीक्षण एवं नेट मीटर/स्मार्ट मीटर से संबंधित कार्य को शीर्ष प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराया जाय।इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी, जिला विकास अधिकारी, अधीक्षण अभियन्ता विद्युत, वरिष्ठ परियोजना अधिकारी यूपी नेडा, उपायुक्त उद्योग, जिला अग्रणी प्रबन्धक, जिला पंचायत राज अधिकारी, अधिशासी अभियन्ता विद्युत बहराइच, सहायक अभियन्ता विद्युत मीटर, जिला समन्वयक सहित वेंडर्स व अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# सड़क हादसों को रोकने के लिए शहरों के अंदर और ग्रामीण इलाकों में निर्धारित होगी वाहनों की गति सीमा

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार सड़क सुरक्षा को लेकर कई अभियान चला रही है। सड़क हादसों को रोकना योगी सरकार की प्राथमिकताओं में से एक है। इसी क्रम में आईआईटी खड़गपुर के विशेषज्ञ और उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग मिलकर 'उत्तर प्रदेश स्पीड मैनेजमेंट पॉलिसी' पर काम कर रहे हैं। इसके तहत हाईवे और एक्सप्रेसवे की तरह ही शहरों से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों की सड़कों पर भी वैज्ञानिक आधार पर गति सीमा निर्धारित करना है। इस पहल का उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं और उनसे होने वाली मौतों की रोकथाम कर लोगों को सुरक्षित यातायात व्यवस्था उपलब्ध कराना है। पॉलिसी का फाइनल ड्राफ्ट जल्द ही प्रदेश सरकार के पास मंजूरी के लिए भेजा जाएगा। हाल में उत्तर प्रदेश के परिवहन आयुक्त आशुतोष निरंजन की अध्यक्षता में स्टेट रोड सेफ्टी टेक्निकल एडवाइजरी कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में आईआईटी खड़गपुर के विशेषज्ञों द्वारा तैयार उत्तर प्रदेश स्पीड मैनेजमेंट पॉलिसी के ड्राफ्ट पर विस्तृत चर्चा हुई। नीति का उद्देश्य वैज्ञानिक और एविडेंस-बेस्ड अप्रोच के माध्यम से सड़कों पर सुरक्षित गति सुनिश्चित करना और दुर्घटनाओं एवं मृत्यु दर को कम करना है।इसके तहत केवल राष्ट्रीय राजमार्गों और एक्सप्रेसवे ही नहीं, बल्कि शहरी क्षेत्रों की व्यस्त सड़कों, बाजारों, स्कूल-कॉलेजों के आसपास के मार्गों तथा ग्रामीण क्षेत्रों की सड़कों के लिए भी उपयुक्त गति सीमा तय की जाएगी। इससे अनियंत्रित गति पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने में मदद मिलेगी।आईआईटी खड़गपुर के विशेषज्ञों और परिवहन विभाग ने इस पॉलिसी के लिए प्रदेशभर में विस्तृत अध्ययन किया है। तैयार किए गए पॉलिसी ड्राफ्ट पर चर्चा के दौरान परिवहन आयुक्त आशुतोष निरंजन ने कुछ महत्वपूर्ण सुझाव दिए हैं, जिन्हें शामिल करते हुए संशोधन किया जाएगा। इसके बाद परिवहन विभाग उत्तर प्रदेश स्पीड मैनेजमेंट पॉलिसी को प्रदेश सरकार के पास अंतिम मंजूरी के लिए भेजेगा। मंजूरी मिलने के बाद यह पॉलिसी प्रदेश के विभिन्न विभागों के सहयोग से लागू की जा सकती है। विशेषज्ञों का मानना है कि सड़कों की प्रकृति और यातायात घनत्व के अनुरूप गति सीमा तय होने से दुर्घटनाओं में कमी आएगी और लोगों की जान बचाने में मदद मिलेगी।वहीं विभाग सेफ सिस्टम अप्रोच के तहत सुरक्षित सड़कें, सुरक्षित गति, सुरक्षित सड़क यात्री, सुरक्षित वाहन और पोस्ट-क्रैश केयर पर भी ध्यान दे रहा है। साथ ही सुरक्षित गति ऑडिट, प्रवर्तन व्यवस्था, व्हीकल लोकेशन ट्रैकिंग डिवाइस, वाहन फिटनेस निरीक्षण, जनजागरूकता अभियान के जरिए भी सुरक्षित यातायात सुनिश्चित कर रहा है।

# पूर्व छात्र ने विद्यालय को भेंट किया वाटर डिस्पेंसर



बेलसर / गोण्डा । महाराजा देवी बख़्श सिंह इंटर कॉलेज, बेलसर के पूर्व छात्र एवं गर्ग इंटरप्राइजेज के संस्थापक तिलक राम शुक्ल ने छात्र-छात्राओं को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने हेतु विद्यालय को एक वाटर डिस्पेंसर भेंट किया । इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में प्रधानाचार्य ले0 आनंद कुमार पांडेय ने उन्हें फूल-माला एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया । उन्होंने कहा कि यह सहयोग विद्यार्थियों के स्वास्थ्य एवं अध्ययन में सकारात्मक योगदान देगा । तिलक राम शुक्ल ने अपने गुरुओं और विद्यालय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी सहयोग का आश्वासन दिया । कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।


संस्थापक सम्पादक-स्व.कैलाशनाथ
तरुणमित्र मीडिया प्रा.लि.के लिए प्रकाशक योगेन्द्र विश्वकर्मा,मुद्रक एवं सम्पादक-आदर्श कुमार
* स्थानीय सम्पादक-राजेन्द्र प्रसाद यादव
तरुणमित्र के लिए योगेन्द्र विश्वकर्मा इण्डियन एक्सप्रेस सी.-26 अमौसी इण्डिस्ट्रियल एरिया लखनऊ से मुद्रित एवं बड़ी देवकाली मंदिर के बगल बेनीगंज रोड, अयोध्या (उ.प्र.) से प्रकाशित, आर.एन.आई. नं.-55856/90
फोन नं.- 05278-363073
मो.नं. : 9451922445
ई-मेल- tarunmitra@rediffmail.com, tarunmitrafaizabad@gmail.com
* इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तर दायी एवं उत्पन्न समस्त विवाद फैजाबाद न्यायालय के अधीन ही होगें।


# योगी सरकार ने बिजली आपूर्ति में रचा इतिहास

लखनऊ। उत्तर प्रदेश ने बिजली आपूर्ति के क्षेत्र में एक नया राष्ट्रीय कीर्तिमान स्थापित करते हुए देशभर में अपनी मजबूत पहचान दर्ज कराई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड ने 21 जून को रात 10:48 बजे 32,348 मेगावाट की रिकॉर्ड बिजली मांग की सफल एवं निर्बाध पूर्ति कर इतिहास रच दिया है। इस उपलब्धि के साथ उत्तर प्रदेश देश में अब तक की सर्वाधिक पीक पावर डिमांड पूरी करने वाला राज्य बन गया है। इससे पहले 13 मई 2026 को महाराष्ट्र ने 32,317 मेगावाट की अधिकतम बिजली मांग पूरी कर राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया था। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश में बिजली व्यवस्था को आधुनिक, पारदर्शी और उपभोक्ता केंद्रित बनाने की दिशा में लगातार प्रभावी कदम उठाए गए हैं। 21 जून को रात 10ः48 बजे 32,348 मेगावाट रिकॉर्ड पीक डिमांड आपूर्ति की गई है। जोकि अब तक के इतिहास में सबसे अधिक है। यूपी पीक डिमांड बिजली आपूर्ति करने में लगातार सबसे आगे हैं। 20 जून को यूपी में 31549 मेगावाट बिजली आपूर्ति की गई। 19 जून को भी प्रदेश में 30968 मेगावाट बिजली आपूर्ति की गई थी। इससे पहले 24 मई को यूपी में सबसे अधिक 31824 मेगावाट पीक डिमांड बिजली आपूर्ति की गई थी। साल 2025 में 11 जून को 31486 मेगावाट पीक डिमांड बिजली आपूर्ति की गई थी। इस तरह 21 जून 2026 को डिमांड बिजली आपूर्ति ने अभी तक के सभी रिकॉर्ड को तोड़ दिया है। यूपी जैसे विशाल राज्य में निर्बाध बिजली आपूर्ति करना एक बड़ी चुनौती रही है। लेकिन योगी सरकार की दूरदर्शी नीतियों और प्रभावी प्रशासनिक व्यवस्था ने इस चुनौती को अवसर में बदल दिया है।

प्रदेश में बिजली अवसंरचना को मजबूत करने के लिए लगातार नए उपकेंद्र स्थापित किए गए हैं। ट्रांसफार्मरों की क्षमता बढ़ाई गई है और पुराने उपकरणों को आधुनिक तकनीक से अपग्रेड किया गया है। उत्तर प्रदेश ने रिकॉर्ड मांग को सफलतापूर्वक पूरा कर यह साबित कर दिया है कि प्रदेश की ऊर्जा व्यवस्था अब पहले से कहीं अधिक मजबूत और सक्षम हो चुकी है। प्रदेश भर में बिजलीकर्मी दिन-रात मैदान में डटे हुए हैं। चाहे तूफानी रात हो, भारी बारिश हो या चिलचिलाती गर्मी, बिजलीकर्मी हर परिस्थिति में उपभोक्ताओं तक सुरक्षित और सुचारु बिजली आपूर्ति करने में जुटे हैं। रात्रिकालीन मेंटेनेंस कार्यों के माध्यम से विभिन्न जिलों में बिजली लाइनों, ट्रांसफार्मरों और उपकेंद्रों की नियमित जांच की जा रही है। ट्रांसफार्मरों की सुरक्षित और प्रभावी कार्यप्रणाली बनाए रखने के लिए उनकी अर्थिंग पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। विभागीय टीमों द्वारा नियमित रूप से अर्थिंग में पानी डालकर सिस्टम को सुरक्षित और स्थिर रखा जा रहा है। प्रदेश भर में वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा उपकेंद्रों का निरीक्षण भी लगातार किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि उपभोक्ताओं को हर स्थिति में गुणवत्तापूर्ण, सुरक्षित और निरंतर बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। शिकायतों के त्वरित निस्तारण और फील्ड रिस्पॉन्स टाइम को बेहतर बनाने पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। अपर मुख्य सचिव ऊर्जा एवं यूपीपीसीएल के चेयरमैन डॉ. आशीष कुमार गोयल ने कहा कि 32,348 मेगावाट की रिकॉर्ड बिजली मांग की सफल पूर्ति उत्तर प्रदेश के बिजली क्षेत्र के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। चेयरमैन डॉ. गोयल ने कहा कि प्रदेश के लाखों उपभोक्ताओं तक निर्बाध, सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण बिजली पहुंचाना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, मया बाजार अयोध्या

पत्रांक- 1212/पंचम/पन्द्रहवां वित्त आ.(टाइड/अनटाइड) 2026-27 दिनांक-22.06.26

## अल्पकालीन निविदा सूचना

विकास खण्ड मयाबाजार में पंचम राज्य वित्त आयोग/केन्द्रीय वित्त आयोग (टाइड/अनटाइड) अंतर्गत क्षेत्र पंचायत निधि में उपलब्ध धनराशि से निर्माण कार्यो हेतु अल्पकालीन निविदा दिनांक–14.07.2026 को अपरान्ह 1:30 बजे से 2:00 बजे तक विकास खण्ड मयाबाजार के कार्यालय में पंजीकृत ठेकेदारो से आमंत्रित की जाती है, निविदा दिनांक–14.07.2026 को अपरान्ह 2:30 बजे निविदा दाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांक–14.07.2026 तक किसी भी कार्य दिवस मे दिनांक–12:00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी कार्यालय से क्रय किये जा सकते है। टेण्डर परियोजनावार ही मान्य होगा। निर्धारित समय के पश्चात एवं धरोहर की धनराशि के बिना प्राप्त निविदाओं पर कोई विचार नही किया जायेगा। धरोहर धनराशि राष्ट्रीय बचत पत्र, पोस्ट आफिस समयावधि जमा पासबुक, एफ0डी0आर0 खण्ड विकास अधिकारी मयाबाजार के पदनाम से बंधक होगी। उपरोक्त कार्य दिवस में अवकाश होने की दशा में अगले कार्य दिवस में निविदा की कार्यवाही की जायेगी।

| क्र | परियोजना का नाम | अनुमानित धनराशि (लाख) रू0 में | धरोहर धनराशि (रू0)में | निविदा फार्म मूल्य (रू0) में | निविदा अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम पंचायत मानापारा के मजरे मैनपुर निषाद बस्ती से शत्रुघ्न के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य। | 8.47 | 17000 | 800 | 03 माह |
| 2 | ग्राम सभा पम्पारपुर के मजरे सुदामापुर में पक्की सड़क से मंशाराम तक के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य। | 8.11 | 16200 | 800 | 03 माह |
| 3 | ग्राम पचायत टण्डौली मे पक्की सड़क दीपू सिह के घर से रविनाथ सिह के घर(तालाब) तक इण्टरलाकिंग एवं नाली निर्माण कार्य। | 9.95 | 19900 | 800 | 03 माह |
| 4 | ग्राम पंचायत नेव कबीरपुर में पक्की सड़क से उद्दीप के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य। | 8.73 | 17500 | 800 | 03 माह |
| 5 | ग्राम पंचायत बरईपारा मे मेन सड़क से राजेन्द्र के घर तक इण्टरलाकिंग/सी0सी0 निर्माण कार्य। | 9.98 | 20000 | 800 | 03 माह |
| 6 | ग्राम पंचायत मलखानपुर में पक्की सड़क से अवधेश के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य। | 3.51 | 7000 | 800 | 03 माह |
| 7 | ग्राम पंचायत मलखानपुर सिंघोरिया में डबलू सिंह के घर से ईश्वरदीन के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य। | 9.97 | 20000 | 800 | 03 माह |
| 8 | ग्राम पचायत रामपुर बैहारी में बरूवा बाबा स्थान से खडन्जा तक इण्टरलाकिंग कार्य। | 9.95 | 19900 | 800 | 03 माह |
| 9 | ग्राम पचायत खिरौनी के सगम दूबे का पुरवा में कूड़ाघर से राम अछैवर के घर होते हुए बृजेश के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य। | 8.56 | 17000 | 800 | 03 माह |
| 10 | ग्राम पंचायत रामपुर मया में इण्टरलाकिंग रोड से बरूवा बाबा स्थान तक इण्टरलाकिंग कार्य। | 9.92 | 19900 | 800 | 03 माह |
| 11 | ग्राम पंचायत कल्याणपुर बरौली में पक्की सड़क से इण्टरलाकिंग रोड तक इण्टरलाकिंग कार्य। | 9.99 | 20000 | 800 | 03 माह |
| 12 | ग्राम पचायत अरवत मे बैंक के सामने तिराहा से किसान इण्टर कालेज के आगे तक इण्टरलाकिंग कार्य। | 9.98 | 20000 | 800 | 03 माह |
| 13 | ग्राम पचायत कुम्हिया मे पक्की सडक से काली माता स्थान तक इण्टरलाकिंग कार्य। | 6.80 | 13600 | 800 | 03 माह |
| 14 | काजीपुर बिस्वा में संजय सिंह के खेत के पास पुलिया निर्माण कार्य। | 9.90 | 19800 | 800 | 03 माह |
| 15 | वि0ख0 मया के प्राथमिक विद्यालय तेजापुर (अंकारीपुर), पूर्व माध्यमिक विद्यालय रामापुर एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय गंगापुर(देवापुर) में वाटर कूलर की स्थापना का कार्य। | 8.55 | 17100 | 800 | 03 माह |
| 16 | वि0ख0 मया के प्राथमिक विद्यालय ऊचगांव सरैया (रूहियांवा), प्राथमिक विद्यालय पचरूखवा एवं कम्पोजिट विद्यालय पंपारपुर में वाटर कूलर की स्थापना का कार्य। | 8.55 | 17100 | 800 | 03 माह |
| 17 | वि0ख0 मया के कम्पोजिट विद्यालय बिजडा, प्राथमिक विद्यालय मैनपुर एवं कम्पोजिट विद्यालय बबुआपुर मे वाटर कूलर की स्थापना का कार्य। | 8.55 | 17100 | 800 | 03 माह |
| 18 | वि0ख0 मया के कम्पोजिट विद्यालय रामपुर पुवारी, प्राथमिक विद्यालय भोया एवं प्राथमिक विद्यालय भिटौरा मे वाटर कूलर की स्थापना का कार्य। | 8.55 | 17100 | 800 | 03 माह |
| 19 | वि0ख0 मया के, प्राथमिक विद्यालय बेगमगंज, प्राथमिक विद्यालय रेवरी एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय मलखनपुर मे वाटर कूलर की स्थापना का कार्य। | 8.55 | 17100 | 800 | 03 माह |
| 20 | वि0ख0 मया के कम्पाजिट विद्यालय देवरा में वाटर कूलर की स्थापना का कार्य। | 2.85 | 5700 | 800 | 03 माह |
| 21 | वि0ख0 मया के हैदरपुर मे पक्की सड़क गंगाराम वर्मा के घर से जगदम्बा प्रसाद के घर तक इण्टरलाकिंग एवं नाली निर्माण कार्य। | 5.11 | 10200 | 800 | 03 माह |
| 22 | वि0ख0 मया के बोधीपुर में परमात्मा चौरसिया के घर से हरीश पाण्डेय के घर तक इण्टरलाकिंग एवं नाली निर्माण कार्य। | 9.98 | 20000 | 800 | 03 माह |
| 23 | वि0ख0 मया के अरवत में रामकेवल के खेत से संतराम उपाध्याय के खेत तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य। | 9.98 | 20000 | 800 | 03 माह |
| 24 | वि0ख0 मया के परमारपुर अनैयाभारी में पक्की सड़क से अमित वर्मा के घर एवं राकेश वर्मा के खेत तक इण्टरलाकिंग एवं नाली निर्माण कार्य। | 9.97 | 20000 | 800 | 03 माह |
| 25 | ग्राम पंचायत रेवरी में वीरशाहपुर राकेश सिंह के घर तक रेवरी नाला तक इण्टरलाकिंग रोड निर्माण कार्य। | 9.92 | 19900 | 800 | 03 माह |
| 26 | ग्राम पंचायत कुम्हिया में प्रदीप सिंह के खेत से रंजन के खेत तक इण्टरलाकिंग रोड निर्माण कार्य। | 9.95 | 19900 | 800 | 03 माह |

( शेष पृष्ठ 5 पर )

# तरुणमित्र

मंगलवार, 23 जून 2026

संवत- 2083, ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष.- 09


## ईरान को हल्के में लेने की भूल

*विगत दिनों अमेरिका ईरान के बीच एक लंबा समझौता हुआ, समझौते में यह स्पष्ट हो गया था कि स्टेट ऑफ हारमोंस को ईरान द्वारा खोल दिया जाएगा किंतु फिर इजरायल द्वारा लेबनान में इस समझौता के बाद लगातार हमले किए गए जिससे लेबनान में फिर तबाही मच गई है और इस हमले के परिणाम स्वरूप ईरान ने स्टेट आफ हारमोंस को फिर बंद कर दिया है और यह भी शर्त रख दी है जब तक इसराइल लेबनान पर हमले करते रहेगा तब तक स्टेट ऑफ हारमोंस भी बंद रहेगा। ईरान लंबे समय से लेबनान के हिज़्बुल्लाह को अपना प्रमुख रणनीतिक सहयोगी मानता आया है। यह संबंध केवल वैचारिक नहीं, बल्कि सुरक्षा और क्षेत्रीय प्रभाव से भी जुड़ा है। यदि इज़राइल लेबनान में व्यापक सैन्य अभियान चलाता है, तो तेहरान इसे अपने प्रभाव क्षेत्र पर सीधी चुनौती के रूप में देख सकता है। ऐसी स्थिति में ईरान के लिए मौन रहना भी कठिन होगा और प्रत्यक्ष युद्ध में उतरना भी जोखिमपूर्ण। दूसरी ओर अमेरिका की स्थिति और भी जटिल है। वह इज़राइल की सुरक्षा का सबसे बड़ा समर्थक है, परंतु वह यह भी जानता है कि यदि संघर्ष ईरान तक फैलता है, तो पूरा मध्य-पूर्व एक ऐसे युद्ध में बदल सकता है जिसकी आर्थिक और राजनीतिक कीमत पूरी दुनिया को चुकानी पड़ेगी। तेल की कीमतों में उछाल, समुद्री व्यापार मार्गों पर संकट, वैश्विक महँगाई और ऊर्जा असुरक्षा ये सभी संभावित परिणाम अमेरिका की रणनीतिक चिंताओं का हिस्सा हैं। कूटनीति का सबसे कठिन क्षण वही होता है जब मित्र राष्ट्र युद्ध चाहते हों और राष्ट्रीय हित शांति की माँग कर रहे हों।*

*अमेरिका आज इसी द्वंद्व से गुजरता दिखाई देता है। एक ओर वह इज़राइल का विश्वास खोना नहीं चाहता, दूसरी ओर ईरान के साथ संवाद के दरवाज़े भी पूरी तरह बंद नहीं करना चाहता। यही संतुलन आने वाले समय की सबसे कठिन कूटनीतिक परीक्षा है। ईरान भी आज वैसा नहीं है जैसा चार दशक पहले था। आर्थिक प्रतिबंधों ने उसकी अर्थव्यवस्था पर गहरा प्रभाव डाला है। युवा पीढ़ी बेहतर जीवन, रोजगार और वैश्विक अवसरों की अपेक्षा रखती है। ऐसे में अमेरिका के साथ किसी संभावित समझौते का अर्थ केवल प्रतिबंधों में राहत नहीं, बल्कि आर्थिक पुनर्जीवन भी है। इसलिए तेहरान के लिए युद्ध और संवाद–दोनों के बीच संतुलन बनाना एक बड़ी चुनौती है। इतिहास बताता है कि शांति और संघर्ष साथ-साथ चलते हैं। शीत युद्ध के दौर में भी परमाणु प्रतिस्पर्धा के बीच हथियार नियंत्रण संधियाँ हुईं विश्व राजनीति का इतिहास इस सत्य का साक्षी है कि युद्ध कभी केवल रणभूमि में नहीं लड़े जाते, वे सभ्यताओं की चेतना, अर्थव्यवस्थाओं की धड़कनों और कूटनीति की मेज़ों पर भी अपने गहरे निशान छोड़ जाते हैं। जब किसी सीमा पर पहला गोला दागा जाता है, उसी क्षण अनेक समझौतों की नींव भी हिलने लगती है। आज मध्य-पूर्व पुनः उसी मोड़ पर खड़ा है, जहाँ एक ओर अमेरिका और ईरान के बीच वर्षों से जमे अविश्वास को संवाद के माध्यम से कम करने की कोशिशें दिखाई देती हैं, तो दूसरी ओर इज़राइल और लेबनान के बीच बढ़ता सैन्य तनाव पूरे क्षेत्र को व्यापक युद्ध की ओर धकेलता प्रतीत हो रहा है। सवाल यह नहीं कि युद्ध होगा या नहीं वास्तविक प्रश्न यह है कि यदि युद्ध की आग और भड़कती है, तो क्या अमेरिका और ईरान के बीच बनती हुई कूटनीतिक संभावनाएँ उसी आग में भस्म हो जाएँगी? मध्य-पूर्व केवल भौगोलिक क्षेत्र नहीं, बल्कि वैश्विक शक्ति-संतुलन की धुरी है। विश्व की ऊर्जा आपूर्ति, सामरिक समुद्री मार्ग, धार्मिक आस्थाएँ और महाशक्तियों के रणनीतिक हित–सब यहाँ एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं। इसीलिए यहाँ की हर सैन्य घटना का प्रभाव वाशिंगटन, मॉस्को, बीजिंग, ब्रुसेल्स और नई दिल्ली तक महसूस किया जाता है। कई बार युद्ध ने वार्ता को जन्म दिया और कई बार वार्ता युद्ध को रोकने में असफल रही। इसलिए यह मान लेना कि इज़राइलङ्कलेबनान संघर्ष शुरू होते ही अमेरिका-ईरान समझौता समाप्त हो जाएगा, राजनीतिक यथार्थ का अत्यधिक सरलीकरण होगा। यह भी उतना ही सत्य है कि यदि संघर्ष सीमित न रहकर क्षेत्रीय युद्ध का रूप ले लेता है, यदि हिज़्बुल्लाह, ईरान और अन्य क्षेत्रीय शक्तियाँ प्रत्यक्ष रूप से इसमें उतरती हैं, तो अमेरिका-ईरान संबंधों में अविश्वास की खाई और गहरी हो सकती है।*

## ...आज का दिन...

**मेष**- अभीष्ट सिद्धि का प्रयास सार्थक, कठिनाइयों में कमी का एहसास, परिवार में शुभ कृत्य संपन्न, आत्मीयजनों से अपेक्षित सहयोग, भोग-विलासिता में रुझान।

**वृषभ**- शुभ भावनाओं के उदय से आत्मिक शांति, किसी योजना में सम्मिलित होने का सुयोग, धन की प्राप्ति, दूर या समीप की यात्रा का प्रसंग, चित्त प्रफुल्लित।

**मिथुन**- आर्थिक हानि, समस्याओं से परेशानी, दूर या समीप की यात्रा में असुविधा, मित्रों से मनमुटाव, मानसिक कष्ट, स्पष्टवादिता आपके लिए घातक।

**कर्क**- शारीरिक सुख की प्राप्ति, आहार-विहार में नवीनता, इच्छित पद की प्राप्ति में उपस्थित व्यवधान समाप्त, दर्शनीय स्थलों की यात्रा, बुद्धि का विकास।

**सिंह**- मनोरथपूर्ण होने को, आपसी सम्बन्धों में प्रगाढ़ता, वैवाहिक अड़चनें समाप्त, अध्यात्म के प्रति आस्था, मंगल आयोजन सम्पन्न, संभावित यात्रा सफल।

**कन्या**- बुद्धि चातुर्य से कार्यसिद्धि, वरिष्ठजनों की सलाह मान्य, किसी उत्सव में सम्मिलित होने का सुअवसर, स्वजनों से अपेक्षित सहयोग, विवाद का समापन।

**तुला**- समस्याओं से अशांति, परिस्थितियां भाग्य के प्रतिकूल, धन का अभाव, जरा-जरा सी बात पर क्रोध, मन दुविधामय, पठन-पाठन में अरुचि, अशांति भी।

**वृश्चिक**- योजना साकार होने की ओर, किसी के माध्यम से आर्थिक प्रगति, घरेलू वातावरण सुखद, दर्शनीय स्थलों की यात्रा, इच्छित पद की प्राप्ति, आनन्द की अनुभूति।

**धनु**- कुछेक समस्याओं का समाधान, समझदारी से लिया गया निर्णय हितकर, पारिवारिक कठिनाइयों में कमी, शिक्षा के क्षेत्र में सफलता, प्रसन्नता भी।

**मकर**- प्रियजनों से अनुकूल सहयोग, शारीरिक सुख की अनुभूति, सुपरिचितों से विचार-विनिमय, व्यापार में धन निवेश, श्रेष्ठजनों से सम्पर्क, अध्यात्म के प्रति आस्था।

**कुम्भ**- समस्याओं से उलझनें, आरोप-प्रत्यारोप की स्थिति, प्रतिष्ठा में कमी, दाम्पत्य जीवन कष्टकर, धन लाभ में कमी, शत्रु प्रभावी होने की दिशा में प्रयासरत।

**मीन**- पराक्रम में वृद्धि, प्रगति के लिए प्रयत्नशील, मान-सम्मानपरक कृत्य सम्पन्न, हर्षोल्लास का वातावरण, व्यापारिक क्षेत्र में पूर्ण सफलता, सुख-शांति।


-: श्री विमल जैन :-

हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद् एस-2/1-76 ए, द्वितीय तल, वरदान भवन, आकांक्षा हास्पिटल के निकट, टैगोर टाउन एक्सटेंशन

भोजूबीर, वाराणसी-221002 (उ0प्र0)- मो0:-09335414722


## न्याय से बड़ा कोई नहीं, सत्य से ऊंचा कोई नहीं: डॉ. विनय प्रकाश तिवारी

**तरूणमित्र न्यूज**

**चंदौली।** समाजसेवी एवं डैडीज़ इंटरनेशनल स्कूल के संस्थापक डॉ. विनय प्रकाश तिवारी ने बिहार के चर्चित भरत तिवारी एनकाउंटर प्रकरण पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि लोकतंत्र में किसी भी नागरिक का दोषी या निर्दोष होना केवल न्यायालय तय कर सकता है। उन्होंने कहा कि न्यायिक जांच के आदेश यह दर्शाते हैं कि मामले से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रश्नों का उत्तर अभी शेष है।

डॉ. तिवारी ने कहा कि कानून व्यवस्था बनाए रखना आवश्यक है, लेकिन न्यायिक प्रक्रिया और संवैधानिक मूल्यों की अनदेखी किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं हो सकती। उन्होंने समाज से संयम बनाए रखने तथा लोकतांत्रिक तरीके से अपनी बात रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि किसी व्यक्ति, जाति या वर्ग के पक्ष-विपक्ष से ऊपर उठकर सत्य और न्याय के पक्ष में खड़ा होना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। अंत में उन्होंने कहा कि "न्याय से बड़ा कोई नहीं, सत्य से ऊंचा कोई नहीं और संविधान से ऊपर कोई नहीं।"

# ईरान-अमेरिका इस्लामाबाद एमओयू समझौता "टायं-टायं फिस्स"?






वैश्विक स्तरपर पश्चिम एशिया में शांति की जो किरण 17-18 जून 2026 को अमेरिका और ईरान के बीच हुए 14- सूत्रीय "इस्लामाबाद मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग (एमओयू)" के बाद दिखाई दी थी, वह महज कुछ दिनों में ही गंभीर परीक्षा के दौर में पहुंच गई है। 21 जून 2026 को शाम 4 बजे तक की स्थिति यह संकेत दे रही है कि जिस समझौते को क्षेत्रीय युद्ध विराम, होर्मुज जलडमरूमध्य के पुनः खुलने और 60 दिनों के भीतर व्यापक शांति समझौते की दिशा में ऐतिहासिक पहल माना जा रहा था, वह अब गहरे संकट में है ईरान नेआरोप लगाया है कि अमेरिका और इज़राइल ने समझौते की मूल भावना तथा विशेष रूप से लेबनान मोर्चे पर युद्धविराम संबंधी प्रतिबद्धताओं का पालन नहीं किया। इसके जवाब में तेहरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य को पुनः बंद करने की घोषणा कर दी है, जबकि अमेरिकी पक्ष का कहना है कि समुद्री यातायात अभी भी जारी है और बड़ी संख्या में व्यापारिक जहाज इस मार्ग से गुजर रहे हैं।

मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं कि इसी विरोधाभासी स्थिति ने वैश्विक ऊर्जा बाजार,वित्तीय बाजारों और अंतरराष्ट्रीय कूटनीति को एक बार फिर अनिश्चितता के भंवर में धकेल दिया है। अब पूरी दुनियाँ की निगाहें 23 से 25 जून के बीच स्विट्जरलैंड में प्रस्तावित अमेरिका-ईरान वार्ता पर टिकी हैं, जहां यह तय होगा कि यह समझौता बचाया जा सकता है या पश्चिम एशिया एक नए और अधिक गंभीर संकट की ओर बढ़ रहा है। साथियों, अमेरिका और ईरान के बीच जिस 14-सूत्रीय समझौते की घोषणा की गई थी, उसका मूल उद्देश्य केवल दोनों देशों के बीच तनाव कम करना नहीं था, बल्कि पूरे क्षेत्र में फैले संघर्ष को नियंत्रित करना था। समझौते के प्रमुख बिंदुओं में सभी मोर्चों पर सैन्य कार्रवाइयों का अंत, लेबनान में युद्धविराम, होर्मुज जलडमरूमध्य का पुनः खुलना, ईरानी तेल निर्यात पर प्रतिबंधों में राहत, परमाणु कार्यक्रम पर आगे की वार्ता तथा 60 दिनों के भीतर अंतिम समझौते तक पहुंचने का रोडमैप शामिल था। समझौते को अंतरिम ढांचा माना गया था, न कि अंतिम शांति संधि। इसी कारण इसकी सफलता इस बात पर निर्भर थी कि संबंधित पक्ष जमीन पर हिंसा रोकने में कितने सफल रहते हैं।

लेकिन समझौते के लागू होने के तुरंत बाद लेबनान मोर्चे पर तनाव फिर बढ़ गया। इज़राइल और हिजबुल्लाह के बीच नई झड़पों तथा इज़रायली सैन्य अभियानों ने तेहरान को यह कहने का अवसर दिया कि समझौते की पहली और सबसे महत्वपूर्ण शर्त का उल्लंघन हो चुका है। ईरान का तर्क है कि यदि युद्धविराम स्थायी और व्यापक होना था, तो अमेरिका को अपने सहयोगी इज़राइल को रोकना चाहिए था। तेहरान के अनुसार ऐसा नहीं हुआ और परिणाम स्वरूप समझौते की विश्वसनीयता पर प्रश्नचिह्न लग गया।

साथियों, इसी पृष्ठभूमि में ईरान ने एक बार फिर होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद करने की घोषणा की। ईरानी सैन्य प्रतिष्ठान और संबंधित अधिकारियों ने चेतावनी दी कि जब तक समझौते की शर्तों का वास्तविक अनुपालन नहीं होता, तब तक ऊर्जा आपूर्ति को सामान्य नहीं होने दिया जाएगा। ईरान का कहना है कि दक्षिणी लेबनान से इज़रायली सैन्य गतिविधियां समाप्त होनी चाहिए, अमेरिकी नौसैनिक दबाव पूरी तरह हटना चाहिए और क्षेत्र में सैन्य तनाव कम होना चाहिए। अन्यथा होर्मुज का प्रश्न केवल समुद्री मार्ग का नहीं बल्कि व्यापक सुरक्षा व्यवस्था का विषय रहेगा। हालांकि अमेरिकी पक्ष इस दावे से पूरी तरह सहमत नहीं है। अमेरिकी केंद्रीय कमान (सेंटकॉम) ने कहा है कि जलडमरूमध्य से व्यापारिक जहाजों की आवाजाही जारी है। अमेरिकी अधिकारियों के अनुसार 55 से अधिक व्यापारिक जहाज हाल ही में इस मार्ग से गुजरे और उन्होंने 17 मिलियन बैरल से अधिक तेल तथा अन्य माल का परिवहन किया वाशिंगटन का तर्क है कि ईरान की घोषणाएं और वास्तविक समुद्री स्थिति में अंतर हो सकता है। यही कारण है कि अमेरिका इस संकट को वार्ता के माध्यम से हल करने की सटीकता से कोशिश कर रहा है।

साथियों, यह विवाद केवलद्द क्षेत्रीय राजनीति तक सीमित नहीं है। होर्मुज जलडमरूमध्य वैश्विक ऊर्जा सुरक्षा की धुरी माना जाता है। विश्व के समुद्री मार्ग से होने वाले तेल व्यापार का एक बड़ा हिस्सा इसी रास्ते से गुजरता है। सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, कुवैत, इराक और कतर जैसे ऊर्जाह्य उत्पादक देशों का निर्यात बड़े पैमाने पर इसी मार्ग पर निर्भर है। इसलिए जब भी होर्मुज के बंद होने की खबर आती है, वैश्विक बाजारों में तुरंत चिंता बढ़ जाती है। ऊर्जा विशेषज्ञों का मानना है कि यदि यह स्थितिह्य लंबी चली तो कच्चे तेल की कीमतों में तीव्र उछाल आ सकता है। पिछले कुछ वर्षों में वैश्विक अर्थव्यवस्था पहले ही महामारी, यूक्रेन संघर्ष और आपूर्ति श्रृंखला संकटों से जूझ चुकी है। ऐसे में होर्मुज में व्यवधान ऊर्जा लागत बढ़ाकर मुद्रास्फीति को फिर से भड़का सकता है। एशिया के बड़े आयातक देशों-भारत, चीन, जापान और दक्षिण कोरिया पर इसका सबसे अधिक प्रभाव पड़ सकता है।

साथियों, भारत के लिए यहद्द संकट विशेष महत्व रखता है। भारत अपनी तेल आवश्यकताओं का बड़ा हिस्सा आयात करता है और खाड़ी क्षेत्र उसका प्रमुख स्रोत है। यदि होर्मुज में वास्तविक अवरोध उत्पन्न होता है तो कच्चे तेल की कीमतों में वृद्धि का सीधा प्रभाव पेट्रोल, डीजल, एलपीजी, उर्वरकों और परिवहन लागत पर पड़ सकता है। इससे महंगाई बढ़ने की आशंका रहेगी और आर्थिक विकास की गति पर भी दबाव पड़ सकता है। हालांकि भारत ने हाल के वर्षों में रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार बढ़ाने और आयात स्रोतों में विविधता लाने के प्रयास किए हैं, फिर भी होर्मुज का महत्व कम नहीं हुआ है।वित्तीय बाजार भी इस पूरे घटनाक्रम पर बारीकी से नजर रखे हुए हैं। यदि सोमवार को अंतरराष्ट्रीय बाजारों में तेल की कीमतें तेजी से बढ़ती हैं, तो शेयर बाजारों में अस्थिरता देखी जा सकती है। ऊर्जा कंपनियों के शेयरों में तेजी आ सकती है जबकि विमानन, परिवहन और ऊर्जा-गहन उद्योगों पर दबाव बढ़ सकता है। निवेशक आमतौर पर ऐसे समय में सोना, अमेरिकी डॉलर और सुरक्षित परिसंपत्तियों की ओर रुख करते हैं। इसलिए यह संकट केवल भू-राजनीतिक नहीं बल्कि वित्तीय और आर्थिक चुनौती भी बन चुका है।

साथियों दिलचस्प बात यह है कि इसी दौरान अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने होर्मुज संकट की बजाय जहाजों पर संभावित टोल टैक्स लगाने की चर्चा करके राजनीतिक बहस को नया मोड़ दे दिया। ट्रंप का तर्क है कि क्षेत्रीय संघर्षों से हुए आर्थिक नुकसान की भरपाई के लिए ऐसे विकल्पों पर विचार किया जा सकता है।हालांकि आलोचकों का कहना है कि वर्तमान संकट का मुख्य प्रश्न जलमार्ग की सुरक्षा और शांति समझौते का भविष्य है, न कि टोल वसूली।अब सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न यह है कि क्या अमेरिका-ईरान समझौता वास्तव में टूट चुका है? उपलब्ध संकेत बताते हैं कि स्थिति गंभीर अवश्य है, लेकिन समझौता औपचारिक रूप से समाप्त नहीं हुआ है। दोनों पक्ष अभी भी स्विट्जरलैंड में वार्ता के लिए तैयार हैं और मध्यस्थ देशों-विशेषकर कतर तथा पाकिस्तान की भूमिका जारी है। इसलिए इसे पूर्ण विफलता कहना जल्दबाजी होगी। बल्कि यह कहना अधिक उचित होगा कि समझौता अपने पहले बड़े परीक्षण से सटिकता से गुजर रहा है।

साथियों, 23-25 जून 2026 की वार्ता इसलिए निर्णायक मानी जा रही है क्योंकि वहीं यह स्पष्ट होगा कि क्या लेबनान मोर्चे पर निगरानी तंत्र बनाया जा सकता है, क्या होर्मुज को स्थायी रूप से खुला रखा जा सकता है, क्या प्रतिबंधों में राहत की प्रक्रिया आगे बढ़ेगी और क्या 60-दिवसीय शांति प्रक्रिया को बचाया जा सकेगा। यदि वार्ता सफल रहती है तो यह पश्चिम एशिया में स्थिरता की दिशा में बड़ा कदम होगी। लेकिन यदि वार्ता विफल हुई तो तेल बाजारों, वैश्विक व्यापार और क्षेत्रीय सुरक्षा के लिए नए संकट का दौर शुरू हो सकता है।

अतः अगर हम उपयोग पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि 21 जून 2026 तक का निष्कर्ष यही है कि "इस्लामाबाद एमओयू" अभी औपचारिक रूप से समाप्त नहीं हुआ है, लेकिन उसकी विश्वसनीयता पर गंभीर प्रश्न खड़े हो चुके हैं। होर्मुज का पुनः बंद होना, लेबनान में जारी संघर्ष, अमेरिका और ईरान के परस्पर आरोप तथा ऊर्जा बाजारों में बढ़ती बेचैनी यह दर्शाती है कि पश्चिम एशिया की शांति अभी भी बेहद नाजुक अवस्था में है।

आने वाले कुछ दिन तय करेंगे कि यह समझौता इतिहास में शांति की शुरुआत के रूप में दर्ज होगा या फिर एक ऐसे असफल प्रयास के रूप में, जो केवल कुछ दिनों की उम्मीद देकर वैश्विक संकट की नई कहानी लिख गया।


**-संकलनकर्ता लेखक- क़र विशेषज्ञ स्तंभकार साहित्यकार अंतरराष्ट्रीय लेखक चिंतक कवि संगीत माध्यमा सीए (एटीसी) एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र**

**9226229318**




## महेंद्र टेक्निकल इंटर कॉलेज में गूंजा योग का संदेश, कैबिनेट मंत्री संग हजारों लोगों ने किया सामूहिक योगाभ्यास

### 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर भव्य आयोजन, प्रधानमंत्री मोदी का लाइव संबोधन देखा गया, योग को जीवनशैली बनाने का आह्वान

**तरूणमित्र न्यूज**

**चंदौली।** 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार को महेंद्र टेक्निकल इंटर कॉलेज परिसर में श्रम एवं सेवायोजन विभाग, उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में भव्य योग शिविर एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर शामिल हुए और अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों तथा नागरिकों के साथ सामूहिक योगाभ्यास किया।



कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुआ। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस संबोधन का सीधा प्रसारण भी देखा गया। प्रधानमंत्री ने "Yoga for Healthy Ageing" थीम पर योग को स्वस्थ एवं ऊर्जावान जीवन का आधार बताते हुए इसे दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया।

कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर ने कहा कि योग भारत की प्राचीन धरोहर है, जो आज पूरी दुनिया को स्वास्थ्य और शांति का संदेश दे रही है। योग शिविर में प्राणायाम, कपालभाति, अनुलोम-विलोम एवं सूर्य नमस्कार सहित विभिन्न योगासनों का अभ्यास कराया गया।

इस अवसर पर राज्यसभा सांसद साधना सिंह, जिलाधिकारी चंद्र मोहन गर्ग, पुलिस अधीक्षक आकाश पटेल, मुख्य विकास अधिकारी आर. जगत साई, एडीएम राजेश कुमार, सीएमओ डॉ. अभितोष मिश्रा सहित बड़ी संख्या में अधिकारी, कर्मचारी एवं नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन स्वास्थ्य जागरूकता संदेश एवं धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

## जनपद न्यायालय चंदौली से जिला कारागार वाराणसी तक गूंजा योग का संदेश, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर हुआ व्यापक आयोजन

**तरूणमित्र न्यूज**

**चंदौली।** माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशों के अनुपालन में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जनपद न्यायालय चंदौली, जिला कारागार वाराणसी तथा जनपद की सभी तहसीलों में योग शिविरों का आयोजन किया गया। जनपद न्यायालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ प्रभारी जनपद न्यायाधीश श्री अशोक कुमार द्वद्व की अध्यक्षता में हुआ।

अपने संबोधन में उन्होंने योग को स्वस्थ, निरोग एवं संतुलित जीवन का आधार बताते हुए नियमित प्राणायाम और योगाभ्यास करने का आह्वान किया। इस अवसर पर न्यायिक अधिकारियों, अधिवक्ताओं एवं न्यायालय कर्मचारियों ने सामूहिक योगाभ्यास किया। जिला कारागार वाराणसी में भी बंदियों एवं जेल स्टाफ ने योग किया तथा योग के स्वास्थ्य लाभों की जानकारी दी गई। वहीं जनपद की सभी तहसीलों में आयोजित योग शिविरों में पराविधिक स्वयंसेवकों ने आमजन को योग के प्रति जागरूक किया। यह जानकारी पूर्णकालिक सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चंदौली श्रीमती निकिता गौड़ ने दी।

## चंदौली में कड़ी सुरक्षा के बीच सकुशल संपन्न हुई नीट परीक्षा

**तरूणमित्र न्यूज**

**चंदौली।** राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (NEET) जनपद चंदौली में रविवार को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और पारदर्शी माहौल में सकुशल संपन्न हो गई। जिलाधिकारी चंद्र मोहन गर्ग के कुशल निर्देशन में आयोजित परीक्षा के दौरान सुरक्षा, गोपनीयता और शुचिता बनाए रखने के लिए व्यापक प्रबंध किए गए थे।

सुबह से ही परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों की भारी भीड़ देखने को मिली। प्रवेश से पहले सभी परीक्षार्थियों की सघन जांच की गई तथा निर्धारित दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन कराया गया। परीक्षा के दौरान प्रशासन द्वारा गठित उड़नदस्तों एवं अधिकारियों की टीम लगातार विभिन्न केंद्रों का निरीक्षण करती रही, जिससे पूरी प्रक्रिया पर प्रभावी निगरानी बनी रही। प्राप्त आंकड़ों के अनुसार जनपद में कुल 1900 अभ्यर्थियों को परीक्षा हेतु आवंटित किया गया था, जिनमें से 1784 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा में भाग लिया, जबकि 116 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा समाप्त होने के बाद बाहर निकले अभ्यर्थियों ने व्यवस्थाओं पर संतोष जताया। प्रशासन की सतर्कता और प्रभावी प्रबंधन के चलते NEET परीक्षा पूरी तरह शांतिपूर्ण, पारदर्शी और व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई।

## प्रधानमंत्री मोदी के आह्वान पर चकिया में हुआ भव्य योगाभ्यास, योग गुरु विनय राय ने कराया योग प्रशिक्षण

### विधायक कैलाश आचार्य, भाजपा जिलाध्यक्ष काशीनाथ सिंह व चेयरमैन गौरव श्रीवास्तव रहे मौजूद

**तरूणमित्र न्यूज**

**चकिया।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर भाजपा चकिया मंडल द्वारा मंडल अध्यक्ष संदीप गुप्ता 'आशु' के नेतृत्व में भव्य योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि विधायक कैलाश आचार्य तथा विशिष्ट अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष काशीनाथ सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष गौरव श्रीवास्तव सहित कई जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।



कार्यक्रम में योग गुरु विनय राय एवं प्रदीप जी ने विभिन्न योगासन और प्राणायाम का अभ्यास कराते हुए योग के महत्व पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि योग स्वस्थ शरीर, शांत मन और सकारात्मक जीवन का आधार है।

कार्यक्रम के उपरांत चेयरमैन गौरव श्रीवास्तव ने गांधीनगर पौधशाला का निरीक्षण कर पौधों की गुणवत्ता और रखरखाव की जानकारी ली तथा पर्यावरण संरक्षण एवं वृक्षारोपण को जनआंदोलन बनाने का आह्वान किया।

## काली मंदिर से तालाब तक चला प्रशासन का डंडा, चकिया में फिर गूंजा 'एक्शन तहसीलदार' का नाम

### मां काली मंदिर की सरकारी भूमि पर अवैध दावे खारिज, तालाब-भीटा संरक्षण का रास्ता साफ 7 गांव-गांव अतिक्रमण हटाकर जनहित कार्यों को दी नई रफ्तार

**तरूणमित्र न्यूज**

**चकिया, चंदौली।** चकिया तहसील में इन दिनों प्रशासनिक सक्रियता चर्चा का विषय बनी हुई है। मां काली मंदिर एवं ऐतिहासिक तालाब की सरकारी भूमि पर किए गए निजी स्वामित्व के दावों को कानूनी रूप से खारिज करते हुए तहसील प्रशासन ने सार्वजनिक संपत्तियों के संरक्षण की दिशा में बड़ा कदम उठाया है।



तहसीलदार देवेंद्र कुमार की विस्तृत रिपोर्ट में तालाब, भीटा एवं मंदिर परिसर की भूमि को सरकारी एवं सार्वजनिक उपयोग की संपत्ति बताते हुए विकास कार्यों का मार्ग प्रशस्त किया गया है। नगर पंचायत की वंदन योजना के अंतर्गत अब मंदिर परिसर के सौंदर्यीकरण, तालाब संरक्षण, प्रकाश व्यवस्था तथा श्रद्धालुओं की सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा।

वहीं दूसरी ओर नीबी कला, भूसी, बलिया कला, इलिया और ददरा समेत कई क्षेत्रों में अतिक्रमण हटाने, तालाब बचाने, नालियां खुलवाने और सार्वजनिक रास्तों को बहाल कराने की कार्रवाई ने प्रशासन की कार्यशैली को नई पहचान दी है। हाल ही में ददरा गांव में 50 परिवारों के लिए बंद रास्ता खुलवाने के दौरान तहसीलदार स्वयं फावड़ा लेकर मैदान में उतर गए। स्थानीय लोगों का कहना है कि वर्षों बाद चकिया में ऐसा प्रशासन दिखाई दे रहा है जो फाइलों से निकलकर सीधे जनता के बीच पहुंच रहा है। यही कारण है कि पूरे क्षेत्र में एक ही चर्चा है-"क्या चकिया में फिर लौट आया है एक्शन प्रशासन का दौर?"।

## 81 साल बाद मंदिर की 60 बीघा भूमि पर ऐतिहासिक फैसला, फर्जी वरासत रद्द

**तरूणमित्र न्यूज**

**चकिया/शहाबगंज (चंदौली)।** कटवा माफी गांव स्थित श्रीरामचन्द्र मंदिर एवं विष्णु मंदिर की लगभग 60 बीघा दानशुदा भूमि को लेकर 81 वर्षों से चले आ रहे विवाद में नायब तहसीलदार शहाबगंज आरिफ ने ऐतिहासिक फैसला सुनाया है। न्यायालय ने फर्जी तरीके से दर्ज की गई वरासत को निरस्त करते हुए भूमि को पुनः मंदिर के नाम दर्ज करने का आदेश दिया है। न्यायालय में प्रस्तुत अभिलेखों के अनुसार वर्ष 1945 में दानदाता रामस्वरूप सिंह ने अराजी संख्या 39, 50, 52, 62, 75 एवं 77 की भूमि मंदिर के संचालन, पूजा-पाठ एवं धार्मिक कार्यों के लिए दान की थी। बाद में उक्त भूमि पर कई लोगों के नाम वरासत में दर्ज हो गए थे, जिस पर ग्राम प्रधान द्वारा आपत्ति दर्ज कराई गई थी। सुनवाई के दौरान न्यायालय ने दानपत्र, खतौनी और अन्य राजस्व अभिलेखों का परीक्षण करते हुए एक दर्जन से अधिक आदेशों को निरस्त कर दिया। फैसले के बाद क्षेत्र में खुशी का माहौल है। ग्रामीणों का मानना है कि अब मंदिर की भूमि सुरक्षित होगी तथा धार्मिक और जनहित के कार्यों को नई दिशा मिलेगी। राजस्व विभाग द्वारा आगे की विधिक कार्रवाई की प्रक्रिया भी शुरू किए जाने की संभावना है।

( पृष्ठ 3 का शेष )

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 27 | ग्राम पंचायत कुम्हिया मे गौतम के खेत से राम निहाल के घर तक इण्टरलाकिंग रोड निर्माण कार्य। | 8.35 | 16700 | 800 | 03 माह |
| 28 | ग्राम पंचायत सारंगपुर में पक्की सड़क से राजय के घर तक इण्टरलाकिंग रोड निर्माण कार्य। | 2.44 | 5000 | 800 | 03 माह |
| 29 | ग्राम पचायत रौवा लोहनपुर में इण्टरलाकिंग रोड से चंचल सिंह के घर तक इण्टरलाकिंग रोड एवं नाली निर्माण कार्य। | 8.39 | 16800 | 800 | 03 माह |
| 30 | ग्राम पंचायत नेवकबीरपुर में इण्टरलाकिंग रोड से काटू मिश्रा के घर तक इण्टरलाकिंग रोड एवं नाली निर्माण कार्य। | 5.16 | 10400 | 800 | 03 माह |
| 31 | ग्राम पचायत टण्डौली में गब्बर के घर से पप्पू वर्मा के घर तक नाली निर्माण कार्य। | 8.68 | 17400 | 800 | 03 माह |
| 32 | ग्राम पंचायम अंकारीपुर मे पक्की सड़क नवेन्दु के खेत से वासुदेव के घर तक इण्टरलाकिंग रोड निर्माण कार्य। | 9.97 | 20000 | 800 | 03 माह |
| 33 | ग्राम पचायत ईशासराय पक्की सड़क रमेश चौहान के घर से केशवराम शर्मा के घर होते हुए नाला तक इण्टरलाकिंग एवं नाली मरम्मत कार्य। | 9.96 | 20000 | 800 | 03 माह |
| 34 | उनियार बाजार, समदा बाजार, बन्दनपुर चौराहा, ईशापुर गांव, हरदी गौशाला में सेमी हाईमास्ट लाइट स्थापना कार्य | 8.70 | 17400 | 800 | 03 माह |
| 35 | अकारीपुर गौशाला, समदा गौशाला, गौहनिया गौशाला, रजपलिया गौशाला, रौवालोहगपुर गौशाला में सेमी हाईमास्ट लाइट स्थापना कार्य। | 8.70 | 17400 | 800 | 03 माह |
| 36 | मया टाण्डा चौराहा, मठा चौराहा, सोनवरसा चौराहा नेव दुर्गा मन्दिर, पचरूखवा रहर के पास नई बस्ती में सेमी हाईमास्ट लाइट स्थापना कार्य | 8.70 | 17400 | 800 | 03 माह |
| 37 | रामापुर के सेकपुरा चौराहे पर, पकरैला पचायत भवन के बगल, दलपतपुर के विसवल मे राजभर चौराहे पर, दलपतपुर में अम्बेडकर प्रतिमा के पास, बैहारी गौशाला पर सेमी हाईमास्ट लाइट स्थापना कार्य | 8.70 | 17400 | 800 | 03 माह |
| 38 | कुम्हिया अम्बेडकर प्रतिमा के पास, जगदीशपुर अरवत शनि मन्दिर के पास, दिलासीगंज तिराहे पर, सराय बैरीसाल तिराहे पर, आलापुर तिराहे पर सेमी हाई मास्ट लाइट स्थापना कार्य | 8.70 | 17400 | 800 | 03 माह |
| 39 | सरैया काली माता स्थान पर, सी0एच0सी0 मया, बेनवा बीकापुर सम्पर्क मार्ग तिराहे पर, जगदीशपुर अरवत ललई का पूरा तिराहे पर, सिहोरिया तिराहे पर सेमी हाईमास्ट लाइट स्थापना कार्य | 8.70 | 17400 | 800 | 03 माह |
| 40 | मेदनीपुर नहर की पुलिया के पास, कनकपुर हनुमान मंदिर के पास सेमा हाईमास्ट लाइट स्थापना कार्य। | 3.48 | 7000 | 800 | 03 माह |
| 41 | विकास खण्ड मया बाजार के कनकपुर में इंटरलॉकिंग रोड से अशोक सिंह के घर तक इंटरलॉकिंग कार्य। | 4.65 | 9300 | 800 | 03 माह |
| 42 | रामपुर बैहारी चानिका मिश्र का पुरवा संतोष कुमार मिश्रा के नये घर से काली के चौरा तक इंटरलॉकिंग कार्य। | 9.93 | 19900 | 800 | 03 माह |
| 43 | ग्राम पचायत आलापुर मे मिठ्ठू सिंह के घर से रोशन के घर तक इंटरलॉकिंग एवं नाली मरम्मत कार्य। | 9.96 | 20000 | 800 | 03 माह |
| 44 | ग्राम पचायत अरवत मे पक्की सड़क पुलिया के बगल से योगेश श्रीवास्तव के खेत तक इंटरलॉकिंग कार्य | 9.97 | 20000 | 800 | 03 माह |
| 45 | ग्राम पंचायत कनकपुर मे पक्की सड़क प्राथमिक विद्यालय से इंटरलॉकिंग रोड तक इंटरलॉकिंग कार्य | 9.98 | 20000 | 800 | 03 माह |
| 46 | विकास खण्ड मया बाजार परिसर में स्थित आवासीय भवनों की मरम्मत एवं रंगाई पुताई का कार्य। | 9.95 | 20000 | 800 | 03 माह |
| 47 | विकास खण्ड मया बाजार परिसर में स्थित कार्यालय भवनों की मरम्मत एवं रंगाई पुताई का कार्य। | 9.90 | 19800 | 800 | 03 माह |
| 48 | विकास खण्ड मया बाजार परिसर की बाउंड्रीवाल की मरम्मत एवं रंगाई पुताई का कार्य। | 7.80 | 15600 | 800 | 03 माह |
| 49 | ग्राम सभा अलना भारी के नरियावा में राम सिगार के घर से बांसराज के घर तक इंटर लॉकिंग का कार्य। | 7.48 | 15000 | 800 | 03 माह |
| 50 | ग्राम पचायत कुम्हिया मे वंशराज के घर से इंटरलॉकिंग रोड तक इंटरलॉकिंग कार्य। | 5.74 | 11500 | 800 | 03 माह |
| 51 | ग्राम सभा बीकापुर में अनिल कुमार के घर से नाला तक ह्यूम पाइप द्वारा नाली निर्माण कार्य। | 7.03 | 14000 | 800 | 03 माह |
| 52 | ग्राम सभा चिरकिटहा में गोसाईगंज बाईपास से योगेंद्र बहादुर सिंह के घर तक इंटरलॉकिंग कार्य। | 9.98 | 20000 | 800 | 03 माह |
| 53 | ग्राम सभा सराय सागर में सूबेदार के घर से शीतला तिवारी के घर तक इंटरलॉकिंग एवं नाली निर्माण कार्य। | 9.96 | 20000 | 800 | 03 माह |
| 54 | विकासखड परिसर में पशु चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के सामने चबूतरा एवं इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य | 9.90 | 19800 | 800 | 03 माह |
| 55 | देवगिरिया में सुभाष वर्मा के घर से रामविलास के खेत तक इंटरलॉकिंग कार्य। | 9.83 | 19700 | 800 | 03 माह |
| 56 | रेहड़ी में पक्की सडक से बढ़ई टोला तक इंटरलॉकिंग एवं नाली निर्माण कार्य। | 9.95 | 20000 | 800 | 03 माह |
| 57 | जमुनीपुर में दुःखराम के घर से सड़क तक इंटरलॉकिंग कार्य। | 6.92 | 13900 | 800 | 03 माह |
| 58 | ग्राम पंचायत अंकारीपुर में माजरा सूरापुर में होलिका के स्थान से परशुराम के घर तक नाली एवं इंटरलॉकिंग कार्य | 9.90 | 19800 | 800 | 03 माह |
| 59 | सरैया मे सुरेंद्र प्रताप सिंह के खेत से काली चौराहा तक इंटरलॉकिंग कार्य | 9.30 | 18600 | 800 | 03 माह |

नियम व शर्तेः—

1. मुहरबंद निविदायें दिनांक—14.07.2026 को अपरान्ह 1:30 बजे से 2:00 बजे तक जमा/स्वीकार की जायेगी।
2. एक बार निविदा देने के पश्चात दरों में कोई परिवर्तन स्वीकार नही होगा तथा दी गयी दरें ही मान्य होगी।
3. निविदा फार्म पर किसी भी प्रकार की कटिंग या उपरिलेखन मान्य नही होगा।
4. निविदा फार्म पर दर का उल्लेख अंको एवं शब्दों में स्पष्ट रूप से करना आवश्यक होगा।
5. बिना कारण बतायें निविदा निरस्त करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित होगा।
6. यदि जांच या सत्यापन के दौरान कोई कमी पायी जाती है, तो सम्बन्धित फर्म के बीजक से नियमानुसार कटौती कर ली जायेगी तथा इस सम्बन्ध में अधोहस्ताक्षरी का निर्णय सर्वमान्य होगा।
7. खण्ड विकास अधिकारी मयाबाजार अयोध्या अथवा निविदा समिति को मोल—तोल के आधार पर (Negotition Basis) पर दरें स्वीकृत करने का अधिकार होगा।
8. क्षेत्र पंचायत अंतर्गत उपलब्ध धनराशि के सापेक्ष ही स्वीकृत फर्म को निर्माण कार्य हेतु वरीयता क्रम के आधार पर कार्यादेश दिया जायेगा।
9. टेण्डर स्वीकृत के उपरान्त कार्यादेश जारी होने के पश्चात ही ठेकेदार द्वारा कार्य प्रारम्भ कराया जायेगा।

**( उमेश सिंह )**
प्रमुख
क्षेत्र पंचायत मयाबाजार, अयोध्या

**( विकास कुमार मिश्रा )**
खण्ड विकास अधिकारी
मयाबाजार, अयोध्या

# राम मंदिर चढ़ावा विवाद के बाद दानपेटियों में नकद चढ़ावा घटा

## मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या बरकरार



**अयोध्या।** राम मंदिर में चढ़ावा चोरी के मामले के बाद नकद दान में उल्लेखनीय गिरावट देखने को मिली है। मंदिर से जुड़े कर्मचारियों के अनुसार, पहले सामान्य दिनों में दानपेटियों से प्रतिदिन 8 से 12 लाख रुपये तक निकलते थे, जबकि 15 से 19 जून के बीच यह राशि घटकर रोजाना लगभग 85 हजार से 95 हजार रुपये रह गई। यानी नकद चढ़ावा एक लाख रुपये से भी कम हो गया। हालांकि, मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में कोई खास कमी नहीं आई है। कर्मचारियों के अनुसार, विवाद के बाद भी प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। कई श्रद्धालुओं का कहना है कि घटना से उन्हें दुख हुआ है और अब वे दानपेटी के बजाय ऑनलाइन दान को प्राथमिकता देने पर विचार कर रहे हैं।

सूत्रों के अनुसार, चढ़ावा चोरी मामले की जांच के बाद दानपेटियों की गिनती से लेकर बैंक में राशि जमा करने तक की व्यवस्था को और सख्त किया गया है। निगरानी भी बढ़ा दी गई है ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, 5 फरवरी 2020 से मंदिर ट्रस्ट के गठन के बाद राम मंदिर को हजारों करोड़ रुपये का चढ़ावा प्राप्त हुआ। वहीं, प्राण-प्रतिष्ठा के बाद शुरुआती महीनों में चढ़ावे की राशि काफी अधिक रही, लेकिन समय के साथ इसमें कमी दर्ज की गई। अब चोरी के विवाद के बाद नकद चढ़ावे में और गिरावट सामने आई है, जबकि श्रद्धालुओं की आस्था और मंदिर में आने वालों की संख्या पहले की तरह बनी हुई है।

# नगर में जलभराव हुआ तो सफाई एजेंसी होगी जवाबदेह : गिरीशपति



**▸▸ एक सप्ताह में नालों की सफाई पूरी करने के निर्देश, लापरवाही पर होगी कार्रवाई**
**▸▸ 314 नालों में से 77 की सफाई पूर्ण, 86 नालों पर तेज गति से चल रहा कार्य**

**अयोध्या।** मानसून के मद्देनजर शहर को जलभराव से मुक्त रखने के उद्देश्य से नगर निगम ने नालों की सफाई अभियान में तेजी ला दी है। नगर निगम कार्यालय में आयोजित समीक्षा बैठक में महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी ने स्पष्ट तौर पर कहा कि बारिश के दौरान यदि किसी क्षेत्र में नालों की सफाई अधूरी रहने के कारण जलभराव की स्थिति उत्पन्न होती है तो उसके लिए संबंधित सफाई दल और जिम्मेदार एजेंसी को उत्तरदायी माना जाएगा।

नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार के साथ नालों की प्रगति की समीक्षा करते हुए महापौर ने निर्देश दिए कि सभी प्रमुख नालों की सफाई एक सप्ताह के भीतर पूरी कर ली जाए। उन्होंने कहा कि नागरिकों को जलभराव की समस्या से राहत दिलाना नगर निगम की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। नगर आयुक्त ने निर्माण एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को प्रतिदिन नालों का स्थलीय निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने चेतावनी दी कि जहां भी सफाई कार्य में लापरवाही पाई जाएगी, वहां संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

समीक्षा बैठक में बताया गया कि नगर निगम क्षेत्र में कुल 314 छोटे-बड़े नालों की सफाई का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इनमें 21 बड़े, 125 मझोले तथा 168 छोटे नाले शामिल हैं। अब तक 15 बड़े, 34 मझोले और 45 छोटे नालों सहित कुल 77 नालों की सफाई पूरी की जा चुकी है। वहीं सात बड़े, 31 मझोले और 48 छोटे नालों सहित कुल 86 नालों में सफाई कार्य प्रगति पर है। इनकी कुल लंबाई लगभग 15.540 किलोमीटर है। बैठक के दौरान मानस भवन नाले की सफाई में आ रही बाधाओं को तत्काल दूर करने के निर्देश दिए गए। साकेतपुरी नाले की समीक्षा में अधिकारियों ने बताया कि लगभग 20 मीटर हिस्से में अयोध्या विकास प्राधिकरण के स्तर से निर्माण कर उसे जोड़ने का कार्य शुरू हो चुका है। नगर निगम के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश पांडे ने बताया कि नगर आयुक्त ने स्वास्थ्य विभाग से संबंधित नालों की निगरानी का दायित्व अपर नगर आयुक्त भरत भार्गव को सौंपते हुए नियमित निरीक्षण और प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। बैठक में अपर नगर आयुक्त डॉ. नागेंद्र, अधिशासी अभियंता दीपांकर सिंह, सहायक अभियंता राजपति यादव, भारत वर्मा तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# बबलू सिंह के घर वापसी करने पर हुआ भव्य स्वागत



**शुजागंज अयोध्या।** रूदौली विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कूढ़ा सादात में बहुजन समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल और पूर्व विधायक जितेंद्र सिंह बब्लू सिंह के स्वागत के साथ बसपा का शक्ति प्रदर्शन शुरू हो गया। मंडल प्रभारी गया शंकर कश्यप एडवोकेट के नेतृत्व में दोनों नेताओं का जोरदार स्वागत किया गया। इसके बाद डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर रोड शो एवं भव्य स्वागत समारोह का शुभारंभ हुआ।

कार्यक्रम के दौरान बब्लू भैया जिंदाबाद, डॉ. अंबेडकर अमर रहें और वक्त बदल दो, ताज बदल दो, बेईमानों का राज बदल दो जैसे नारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। बड़ी संख्या में जुटे कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने बसपा की ताकत का प्रदर्शन किया।

विशाल काफिला कूढ़ा सादात से निकलकर सोहावल और बीकापुर के प्रमुख बाजारों व चौराहों से होते हुए जलालपुर तिराहे स्थित जनसभा स्थल तक पहुंचेगा। राजनीतिक गलियारों में इस शक्ति प्रदर्शन को बसपा की सक्रिय वापसी और पूर्व विधायक बब्लू सिंह के बढ़ते प्रभाव के संकेत के रूप में देखा जा रहा है।

# पीडीए आरक्षण को लेकर सपा सांसद ने भाजपा पर बोला हमला

## कहा-22 विभागों में भर्ती प्रक्रिया के दौरान वंचित वर्गों का छीना गया हक




**अयोध्या।** समाजवादी पार्टी के फैजाबाद सांसद अवधेश प्रसाद ने पीडीए (पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक) वर्ग के आरक्षण अधिकारों के हनन का आरोप लगाते हुए भाजपा सरकार पर जमकर हमला बोला। सोमवार को शाने अवध होटल के सभागार में आयोजित प्रेसवार्ता में उन्होंने कहा कि 69 हजार शिक्षक भर्ती समेत कई विभागों की भर्तियों में आरक्षण नियमों की अनदेखी की गई है। उन्होंने दावा किया कि 22 विभागों में भर्ती प्रक्रिया के दौरान वंचित वर्गों का हक छीना गया। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व में पूरे प्रदेश में उठाया जा रहा है। अवधेश प्रसाद ने कहा कि संविधान और आरक्षण व्यवस्था पर हमला किया जा रहा है। उन्होंने दावा किया कि सत्ता परिवर्तन के बाद ऐसे मामलों की जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। साथ ही वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार बनने का दावा भी किया। प्रेसवार्ता में सपा जिलाध्यक्ष पारसनाथ यादव ने कहा कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में पिछड़े, दलित और वंचित समाज के आरक्षण अधिकारों का लगातार हनन हो रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि आरक्षण व्यवस्था को कमजोर करने का प्रयास किया जा रहा है। वहीं डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य की ओर से दिए गए बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए सपा सांसद ने कहा वह घबराए हुए हैं और पागल हो गए हैं जो स्वयं अपनी सीट न जीत सके वह क्या कहेंगे। इस मौके पर पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडेय पवन, आनन्द सेन यादव, हाजी फिरोज गब्बर, अनूप सिंह, सहित समाजवादी पार्टी के कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# व्यापारियों ने मंडी सचिव को सौंपा ज्ञापन



**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल मिश्रा गुट के प्रदेश नेतृत्व के आवाहन पर संगठन के पदाधिकारी व कई व्यापारियों ने मंडी सचिव शिव गोपाल से मिलकर उन्हें मांग पत्र सौपा। व्यापारियों ने अयोध्या नवीन मंडी में व्याप्त अवस्थाओं को दूर करने की मांग की व्यापारियों ने कृषि उत्पादन मंडी सचिव से मिलकर उन को ज्ञापन सौपा। वहीं जिला अध्यक्ष कविंद्र साहनी ने कहा कि जो मंडी समिति ने अपना नया ऐप लॉन्च किया है वह सही काम नहीं करता सर्वर हमेशा डाउन रहता है और इन्होंने मंडी की दुकानों में प्रतिवर्ष 5 प्रतिशत की वृद्धि कर दी है जबकि इनकी अच्छी इनकम होती है उसको वापस लेने की हम सभी व्यापारियों ने मांग की है एवं मंडी की दुकानों में व्यापारियों को होने वाली समस्याओं का हल निकाले जाने की मांग की गई है संगठन जिला अध्यक्ष कवींद्र साहनी के नेतृत्व में मंडी सचिव शिव गोपाल को ज्ञापन सौपा गया जिसमें मुख्य रूप से संरक्षक विजय गुप्ता जिला महामंत्री रमेश चौरसिया महानगर कार्यकारी अध्यक्ष अश्वनी तिवारी महानगर महामंत्री प्रेमनाथ राय युवा जिला अध्यक्ष सौरभ सरीन दिग्विजय पांडे अंकित जैन जिला सचिव प्रभात अग्रवाल जिला सचिव विष्णु अरुण साहू सहित अन्य लोक मौजूद थे उक्त जानकारी जिलाध्यक्ष आईटी सेल मानव मेहरोत्रा ने दी।

# जिले में अवैध बस स्टैंडों पर कार्रवाई, 29 बिना नंबर प्लेट वाले वाहनों का चालान



**अयोध्या।** जिले में अवैध और अनधिकृत बस स्टैंडों के खिलाफ परिवहन विभाग ने विशेष अभियान चलाकर सख्त कार्रवाई की है। परिवहन आयुक्त और संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) अयोध्या के निर्देश पर चलाए गए इस अभियान में कई स्थानों से अवैध बस स्टैंड हटवाए गए। साथ ही बिना नंबर प्लेट के चल रहे 29 वाहनों का चालान भी किया गया। यह कार्रवाई यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने और सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से की गई।

विशेष प्रवर्तन अभियान के दौरान नाका बाईपास, रायबरेली बाईपास और अग्रसेन चौराहा क्षेत्र में जांच की गई। यहां कई वाहन अनधिकृत रूप से सवारी भरते पाए गए। विभाग की टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए ऐसे वाहनों को वहां से हटवाया और अवैध रूप से संचालित बस स्टैंडों को बंद कराया।

अभियान के दौरान अधिकारियों ने वाहनों के दस्तावेज और नियमों के पालन की भी जांच की। इस दौरान 29 वाहन बिना नंबर प्लेट के सड़क पर चलते मिले। मोटर वाहन अधिनियम के तहत इन सभी वाहनों का चालान किया गया। वाहन मालिकों को निर्देश दिया गया कि वे नियमानुसार अपने वाहनों पर पंजीकरण संख्या अंकित करें और सभी नियमों का पालन करते हुए वाहन चलाएं।

परिवहन विभाग का कहना है कि सड़क किनारे अनधिकृत रूप से सवारी भरने वाले वाहन अक्सर जाम और दुर्घटनाओं का कारण बनते हैं। इससे आम लोगों को भी परेशानी होती है। इसी वजह से ऐसे स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है।

सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) गुलाब चन्द्र ने कहा कि अवैध बस स्टैंडों, अनधिकृत यात्री वाहनों और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ आगे भी नियमित अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने साफ किया कि नियमों की अनदेखी करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।

इस कार्रवाई का असर आने वाले दिनों में जिले की यातायात व्यवस्था पर दिखाई दे सकता है। अवैध बस स्टैंड हटने से सड़क पर वाहनों की आवाजाही सुगम होगी, जाम की समस्या कम होगी और यात्रियों को भी अधिक सुरक्षित परिवहन व्यवस्था मिल सकेगी। साथ ही नियमों के पालन को लेकर वाहन संचालकों में जागरूकता बढ़ने की उम्मीद है।

# शेषावतार मंदिर का ध्वजारोहण आज

**अयोध्या।** श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में दानराशि गबन प्रकरण की जांच को लेकर चल रही हलचल के बीच शेषावतार मंदिर में ध्वजारोहण समारोह की तैयारियां पूरी हो गयी है। कार्यक्रम मंगलवार 23 जून को शाम 6 बजे होगा। सूत्रों के अनुसार, पिछले कुछ दिनों से कार्यक्रम को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई थी। अयोध्या राम मंदिर चढ़ावा चोरी विवाद के बीच समारोह को स्थगित करने और तय समय पर कराने, दोनों विकल्पों पर विचार किया गया। अंत में ट्रस्ट ने प्रोग्राम को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार कराने का फैसला लिया। ट्रस्ट महासचिव चंपत राय, ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्र ने समारोह की तैयारियों और व्यवस्थाओं की समीक्षा की। बैठक के बाद संबंधित अधिकारियों और व्यवस्था प्रभारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए। बताया जा रहा है कि कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के दोनों उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हो सकते हैं। हालांकि उनकी उपस्थिति को लेकर आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। ट्रस्ट की ओर से अयोध्या महानगर, ग्रामीण क्षेत्र और आसपास के जनपदों के कार्यकर्ताओं तथा रामभक्तों को व्हाट्सएप के माध्यम से आमंत्रण भेजे गए हैं। निमंत्रण के साथ सुरक्षा और प्रवेश व्यवस्था से संबंधित दिशा-निर्देश भी साझा किए गए हैं। समारोह में आने वाले अतिथियों का प्रवेश जगद्गुरु रामानंदाचार्य द्वार और जगद्गुरु रामानुजाचार्य द्वार से कराया जाएगा। वाहनों की पार्किंग के लिए अलग-अलग स्थान निर्धारित किए गए हैं। ट्रस्ट के अनुसार, शाम 4.30 बजे से प्रवेश शुरू हो जाएगा। श्रद्धालुओं और आमंत्रित अतिथियों के लिए जलपान और प्रसाद की व्यवस्था भी की गई है। सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए कार्यक्रम स्थल पर मोबाइल फोन ले जाने की अनुमति नहीं होगी। प्रवेश के दौरान सुरक्षा जांच की व्यवस्था भी रहेगी। चढ़ावे से जुड़े विवाद और जांच के बीच आयोजित होने वाला यह समारोह ट्रस्ट के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है। ऐसे में आयोजन की व्यवस्थाओं और इसमें होने वाली सहभागिता पर भी लोगों की नजर बनी हुई है।

# किसानों को निर्धारित मूल्य पर उर्वरक उपलब्ध कराने की मांग

## रालोद प्रतिनिधिमंडल ने जिला कृषि अधिकारी से की मुलाकात



**अयोध्या।** राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के एक प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को जिला कृषि अधिकारी सौरभ वर्मा से शिष्टाचार भेंट कर किसानों को उर्वरक खरीद के दौरान हो रही समस्याओं से अवगत कराया। प्रतिनिधिमंडल ने आरोप लगाया कि जिले के कई निजी उर्वरक विक्रेता निर्धारित मूल्य 266 रुपये प्रति बोरी की यूरिया किसानों को 300 से 400 रुपये तक में बेच रहे हैं तथा किसानों को यूरिया के साथ जिंक एवं सल्फर जैसे अन्य उत्पाद खरीदने के लिए भी बाध्य किया जा रहा है।

रालोद नेताओं ने कहा कि किसानों का आर्थिक शोषण किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने प्रशासन से ऐसे दुकानदारों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने की मांग की, जो निर्धारित नियमों का उल्लंघन कर किसानों से मनमानी वसूली कर रहे हैं।

इस पर जिला कृषि अधिकारी सौरभ वर्मा ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त करते हुए बताया कि निजी उर्वरक विक्रेताओं एवं सहकारी समितियों की नियमित जांच कराई जा रही है। यदि कोई विक्रेता किसानों को उर्वरक के साथ अन्य उत्पाद खरीदने के लिए बाध्य करता है अथवा निर्धारित मूल्य से अधिक कीमत वसूलता है, तो शिकायत मिलने पर उसके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि दोषी पाए जाने पर दुकानदारों को दंडित करने के साथ उनके लाइसेंस भी निरस्त किए जा रहे हैं।

प्रतिनिधिमंडल में राष्ट्रीय लोकदल अवध क्षेत्र के अध्यक्ष चौधरी रामसिंह पटेल, जिलाध्यक्ष बलराम यादव, महानगर अध्यक्ष अरविंद सिंह महंथ, युवा जिलाध्यक्ष अनिल वर्मा, जिला उपाध्यक्ष प्रमोद श्रीवास्तव तथा समाजसेवी महेश नारायण पाण्डेय सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# प्रतिभा किसी की मोहताज नहीं होती, अनुभव ने किया साबित



**अयोध्या।** होनहार बिरवान के होत चिकने पात कहावत एक बार फिर चरितार्थ हुई है। ग्रामीण क्षेत्र के सरकारी विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों को यदि उचित मार्गदर्शन और अवसर मिले तो वे भी सफलता के नए आयाम स्थापित कर सकते हैं। इसका जीवंत उदाहरण रुदौली ब्लॉक के कंपोजिट विद्यालय कुढ़ा सादात के होनहार छात्र अनुभव यादव हैं, जिन्होंने सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण कर सैनिक स्कूल अमरावती में प्रवेश प्राप्त किया है।

अनुभव यादव की इस उपलब्धि ने यह सिद्ध कर दिया है कि प्रतिभा किसी संसाधन या परिस्थिति की मोहताज नहीं होती। अपनी मेहनत, लगन, दृढ़ संकल्प, गुरुओं के श्रेष्ठ मार्गदर्शन तथा माता-पिता के त्याग और तपस्या के बल पर उन्होंने अपने उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव रख दी है।अनुभव की सफलता यह संदेश देती है कि जीवन में ऊंचाइयों तक पहुंचने का मार्ग कर्म, परिश्रम और आत्मविश्वास से होकर गुजरता है। उन्होंने यह साबित कर दिया कि व्यक्ति अपनी मेहनत और संकल्प के बल पर अपने भाग्य का स्वयं निर्माण कर सकता है।

इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ, अयोध्या ने छात्र अनुभव यादव को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। संघ ने विश्वास व्यक्त किया कि अनुभव आगे चलकर देश और समाज का नाम रोशन करेंगे।

छात्र के दादा, पूर्व सैन्य अधिकारी राम केवल यादव प्रबंधक सूर्यकला बालिका इंटर कॉलेज तथा उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष अवधेश यादव ने भी अपने पौत्र की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह उपलब्धि पूरे क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत है।

## सर्व साधारण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा सही नाम राजकुमार है । मेरे आधार कार्ड मे मेरा नाम त्रुटिवश राजू लिखा गया है । जिसकी संख्या - 7766 8179 7761 है। मेरे निर्वाचन कार्ड ( संख्या- JJZ3076965 ) व जन्म प्रमाण पत्र ( संख्या- B202609316500000006) में तथा अन्य दस्तावेजों मे मेरा सही व असली नाम राज कुमार ही लिखा है । जो कि सत्य व सही है । दोनो नाम एक ही व्यक्ति यानी कि मेरा राज कुमार का ही है।

मेरे आधार कार्ड मे मेरा नाम (राज कुमार) सही किया जाना आवश्यक एवं न्यायसंगत है ।

**सूचना कर्ता : राज कुमार वर्ष सुत रामदेव निवासी 343 प्राथमिक विद्यालय उधनपुर रूम नं.- 1 , इसौली सुलतानपुर ( उ.प्र.)**

## अदालती नोटिस

सम्मन दफा 193

न्यायालय श्रीमान् अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) महोदय अम्बेडकरनगर

वाद संख्या-डी20250404000145

धारा-30(2) उ0प्र0रा0सं0 2006

भूमिधरी खाता संख्या-145

गाटा संख्या-1377मि0/1.2840

खाता संख्या-735 गाटा संख्या-1377मि0/0.3140 हे0 स्थित ग्राम चन्दनपुर, परगना व तहसील अकबरपुर, जिला अम्बेडकरनगर

तारीख पेशी-30.06.2026 ई0

मिश्रीलाल बनाम जयप्रकाश नरायन आदि

बनाम-1 जयप्रकाश नरायन 2 रविप्रकाश नरायन पुत्रगण स्व0 अवधेश नरायन 3 अमीर अहमद 4 निसार अहमद 5 मेराज अहमद 6 सद्दाम अहमद 7 सुफियान अहमद पुत्रगण स्व0 नूरमोहम्मद समस्त निवासीगण ग्राम आलमडीह मशमूले चन्दनपुर, 9 श्रीमती गुलाबा देवी पत्नी स्व0 राम पियारे निवासी ग्राम जाफरगंज मशमूले चन्दनपुर 10 प्रतीक श्रीवास्तव 11 मनोज श्रीवास्तव पुत्रगण स्व0 सिद्धेश नरायन श्रीवास्तव 12 सत्या श्रीवास्तव पत्नी स्व0 विनोद कुमार श्रीवास्तव समस्त निवासीगण ग्राम आलमडीह मशमूले चन्दनपुर 13 ग्रामसभा चन्दनपुर द्वारा प्रधान चन्दनपुर, समस्त परगना व तहसील अकबरपुर जिला अम्बेडकरनगर-विपक्षीगण

हरगाह आपको इत्तिला दी जाती है कि रूबरू इस अदालत के असालतन या बजरिये मुख्तार मजात तारीख 30.06.2026 बवक्त 10.00 बजे दिन अमुक हाजिर होगें।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन् 2026 के 06 के 20 दिवस को निकाली गयी।

आज्ञा से न्यायालय

# नगर पंचायत गोसाईगंज की 26वीं बोर्ड बैठक संपन्न

## नई योजनाओं व नियमावलियों पर हुई चर्चा, 18 प्रस्तावों को मिली स्वीकृति




**गोसाईगंज-अयोध्या।** नगर पंचायत गोसाईगंज की 26वीं बोर्ड बैठक सोमवार को चेयरमैन डॉ0 विजयलक्ष्मी जायसवाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई ।सुबह11 बजे प्रारंभ हुई बोर्ड बैठक लगभग चार घंटे तक चली, जिसमें नगर के विकास कार्यों की समीक्षा, पिछली बैठकों की पुष्टि, नई योजनाओं एवं नियमावलियों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में कुल 18 प्रस्तावों पर विचार करते हुए बोर्ड द्वारा सर्वसम्मति से संस्तुति प्रदान की गई। बैठक में आगामी त्योहारों मोहर्रम एवं दुर्गा पूजा के मद्देनजर सुरक्षा, स्वच्छता, नदी सफाई एवं नाला सफाई सहित विभिन्न व्यवस्थाओं पर विशेष चर्चा हुई। इसके अतिरिक्त नगर के विभिन्न वार्डों में सड़क निर्माण, नाली, पटिया, पाइपलाइन विस्तार तथा सड़कों के नामकरण संबंधी प्रस्तावों पर भी विचार-विमर्श किया गया। कस्बेवासियों को लंबे समय से लंबित दाखिल-खारिज प्रक्रिया में राहत देने के लिए 15 जुलाई से 15 अगस्त तक विशेष शिविर आयोजित करने का निर्णय लिया गया। इस दौरान 5 प्रतिशत शुल्क की दर से दाखिल-खारिज की प्रक्रिया पूर्ण कराने पर सभी सदस्यों ने सहमति व्यक्त की। बैठक में 9 मई 2025 के शासनादेश, जिसमें दाखिल-खारिज प्रक्रिया को हाउस टैक्स रसीद से जोड़ने का प्रावधान किया गया है, पर भी चर्चा हुई। बोर्ड के सदस्यों ने सर्वसम्मति से इस व्यवस्था का विरोध करते हुए कहा कि इससे नागरिकों को नकल, वरासत, वसीयत, नक्शा स्वीकृति एवं विभिन्न कनेक्शनों जैसी आवश्यक सेवाओं के लिए अनावश्यक रूप से बाध्य होना पड़ेगा। बोर्ड ने इस संबंध में शासनादेश का अनुमोदन न करने का निर्णय लिया। वंही 18 मई 2026 को 11 सभासदों के नाम से प्रस्तुत एक पत्र पर चर्चा करते हुए अधिकांश सभासदों ने उसे भ्रामक एवं संदर्भहीन बताते हुए खारिज कर दिया। सभासदों ने स्पष्ट किया कि नगर पंचायत बोर्ड पूरी तरह एकजुट है और नगर के विकास कार्यों के लिए प्रतिबद्ध है। इस संबंध में सभासदों ने अध्यक्ष एवं अधिशासी अधिकारी को एक लिखित पत्र भी सौंपा। बैठक में महादेव घाट पर स्वागत द्वार निर्माण, वीर सावरकर ब्रिज के सौंदर्यीकरण तथा मुख्यमंत्री वैश्विक नगरोदय योजना के अंतर्गत विभिन्न वार्डों में प्रस्तावित विकास परियोजनाओं पर भी चर्चा हुई। लगभग 10 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास योजनाओं पर मंथन किया गया, जिनका लाभ शीघ्र ही कस्बेवासियों को मिलने की उम्मीद है।चेयरमैन डॉ0 विजयलक्ष्मी जायसवाल ने कहा कि आगामी दिनों में नगर पंचायत के विकास कार्यों को और अधिक गति दी जाएगी तथा नागरिकों को कई नई सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इसके साथ ही अगले माह तक नगर की सफाई व्यवस्था को और सुदृढ़ किए जाने की योजना है।बैठक में ईओ विनय कुमार द्विवेदी, सभासद रविंद्र यादव, कालीचरण वर्मा, अवधेश स्वर्णकार, करुणाकर वर्मा, इम्तियाज उल हक, प्रवीण कुमार, ध्रुव भोजवाल, नामित सभासद बजरंग प्रसाद चौरसिया, मीना गुप्ता, श्रीमती देवी तथा सभासद प्रतिनिधि श्यामलाल, अजय कनौजिया, दिनेश जायसवाल, जगदंबा कसौधन, आलोक गुप्ता एवं उत्कर्ष शेखर जायसवाल उपस्थित रहे।

# सेठ एम.आर. जयपुरिया स्कूल के बच्चों ने 7 स्वर्ण 2 रजत ,4 कांस्य सहित झटके कुल 13 पदक



**अयोध्या।** विद्यालय क्रीड़ा समिति व विद्यालय तैराकी संघ की और से शनिवार को डॉ भीमराव अंबेडकर राज्य विद्यालय क्रीड़ा संस्थान स्पोर्ट्स स्टेडियम मक़बरा स्थित तरणताल में तैराकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उदघाट्न क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी अनिमेष सक्सेना व विद्यालय क्रीड़ा समिती के सचिव धर्मेंद्र सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया ।जिसमें सेठ एम.आर.जयपुरिया के बच्चों ने 7 स्वर्ण 2 रजत 4 कांस्य सहित कुल 13 पदक प्राप्त किए जिसमें अंडर 8 आयु वर्ग में समर्थ सोनी 25 मीटर 50 मीटर फ्री किक में कांस्य पदक 25 फ्री स्टाइल स्वर्ण पदक इसी वर्ग में अनिरुद्ध यादव 25 मीटर फ्री स्टाइल में रजत पदक अंडर 11 आयु वर्ग में विनायक सिंह 25 मीटर किक में स्वर्ण 25 मीटर फ्री में रजत 50 मीटर फ्री में कांस्य पदक,अक्षांश तिवारी 25 मीटर फ्री किक में रजत पदक,अंडर 11 बालिका वर्ग में निमिषिका तिवारी 25 फ्री किक में स्वर्ण पदक बालक वर्ग में 4*50 फ्री रिले में सक्षम प्रताप सिंह,विनायक सिंह,समर्थ सोनी, अनिरुद्ध यादव ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। स्कूल के निदेशक विशाल गुप्ता एवं प्रधानाचार्य अनिल कुमार एम बी ने सभी बच्चों को हार्दिक बधाई देकर प्रोत्साहित किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।